वर्ष : 18 अंक: 143 ग्वालियर • मंगलवार 24 जून 2025 • पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रू.



दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित
# चम्बल सुर्खी
उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का **तापमान**
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

# गृह मंत्री शाह और सीएम योगी ने बाबा काल भैरव का किया दर्शन, गूंजा हर-हर महादेव

**वाराणसी (ए.)।**

भारत सरकार में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह लाल बहादुर शास्त्री एयरपोर्ट पर सोमवार की शाम को पहुंचे। एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृह मंत्री का स्वागत किया। गृह मंत्री मंगलवार को आयोजित आयोजित हो रहे मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में प्रतिभाग किया जायेगा।केंद्रीय गृहमंत्री का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णु देव और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर स्वागत किया। इसके बाद





सभी नेतागण बाबा कालभैरव मंदिर पहुंचे।

यहां बाबा की आरती उतारी ।मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह सोमवार की शाम दो दिवसीय दौरे पर काशी आएंगे। वह शाम करीब छह बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे, फिर सड़क मार्ग से जाकर बाबा कालभैरव के दर्शन करेंगे। इसके बाद नदेसर स्थित ताज होटल जाएंगे ।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के क्रम में वाराणसी एयरपोर्ट पहुंचे हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री तथा अन्य अतिथियों द्वारा वाराणसी में आयोजित हो रहे मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में भाग लिया जाएगा।

एयरपोर्ट पहुंचन पर मुख्यमंत्री का स्वागत श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, नगर विकास एवं विद्युत मंत्री एके शर्मा, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, औद्योगिक विकास, निर्यात संवर्धन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल नंदी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूनम मौर्य, विधायक डॉ अवधेश सिंह, सौरभ श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, राय धर्मेंद्र सिंह, मंडलायुक्त एस राजलिंगम समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बता दें कि चार राज्यों के मुख्यमंत्री भी काशी के कोतवाल काल भैरव और बाबा विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी अतिथियों के लिए रात्रिभोज की व्यवस्था की है। दरअसल, 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को करीब सुबह 11 बजे से 2 बजे तक ताज होटल में होगी। यह बैठक काशी में पहली बार हो रही है। इसमें चार राज्यों सहित देश की सुरक्षा और विकास समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा होगी।

# गुजरात के विसावदर, पंजाब के लुधियाना में AAP जीती; बंगाल में काउंटिंग के दौरान ब्लास्ट, बच्ची की मौत

## गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते





**गांधीनगर/कोलकाता/ लुधियाना/तिरुवनंतपुरम (ए.)।**

चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर AAP के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे। केरल में UDF उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने CPIM के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट AAP के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर TMC प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी। वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने बच्ची की मौत पर दुख जताया। उन्होंने X पोस्ट में लिखा- पुलिस दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

### केजरीवाल बोले- मैं राज्यसभा नहीं जा रहा

लुधियाना से संजीव अरोड़ा के चुनाव जीतने पर वे राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। उनकी खाली हुई राज्यसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा जाने की अटकलें हैं। हालांकि, अरोड़ा के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी की ओर से राज्यसभा में किसे भेजा जाना है यह फैसला AAP की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (PAC) लेगी, मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं।

# चंद्रशेखर 'रावण' पर रोहिणी घावरी का एक्शन शुरू, महिला आयोग में दर्ज कराई शिकायत

**नई दिल्ली**

इंदौर की पीएचडी स्कॉलर डॉ. रोहिणी घावरी ने नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के खिलाफ महिला आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। रोहिणी घावरी लगातार चंद्रशेखर आजाद पर गंभीर आरोप लगा रही हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने चंद्रशेखर आजाद 'रावण' पर शोषण का आरोप लगाया था। जिसके बाद यह मामला राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। डॉ. रोहिणी घावरी का आरोप है कि चंद्रशेखर आजाद ने सिर्फ उनका ही नहीं बल्कि कई अन्य लड़कियों का भी शोषण किया है। अब रोहिणी का कहना है कि वह इस मामले में चंद्रशेखर के खिलाफ औपचारिक रूप से केस दर्ज कराएंगी और पूरे मामले को कोर्ट में ले जाएंगी।




### 'सम्मान के लिए लड़ूँगी, पीछे नहीं हटूँगी'

रोहिणी घावरी ने सोमवार 23 जून को एक्स पर महिला आयोगी में शिकायत की एक रसीद पोस्ट करते हुए लिखा कि आज से कानूनी लड़ाई की शुरुआत हो चुकी है। सच सामने आकर रहेगा मैं अपने स्वाभिमान सम्मान के लिए लड़ूँगी पीछे नहीं हटूँगी। सत्य मेव जयते!!

### चंद्रशेखर ने कहा था कोर्ट में देंगे बयान

हालांकि अपनी पोस्ट के में रोहिणी घावरी ने यह नहीं बताया कि महिला आयोग के समक्ष उन्होंने चंद्रशेखर पर क्या आरोप लगाए हैं। वहीं, इन आरोपों पर चंद्रशेखर आजाद ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि अब वे इस मामले पर सिर्फ अदालत में ही बयान देंगे। क्योंकि रोहिणी ने खुद कोर्ट जाने की बात कही है।

### ॠस के प्रांत प्रचारकों की सालाना बैठक 4 से 6 जुलाई तक होगी, अगले साल संघ के 100 साल पूरे हो रहे



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की सालाना राष्ट्रीय स्तर की प्रांत प्रचारक बैठक इस साल 4 से 6 जुलाई के बीच दिल्ली ऑफिस बैठक केशव कुंज में होगी। अगले साल संघ की स्थापना के 100 साल पूरे हो रहे हैं। इस लिहाज से यह बैठक काफी अहम है। इस बैठक में सभी प्रांत प्रचारक, सह प्रांत प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक, सह क्षेत्र प्रचारक भाग लेंगे। RSS ने अपने संगठनात्मक ढांचे के अनुसार देश को 11 क्षेत्रों और 46 प्रांतों में बांट रखा है।

# सूरत में 7 इंच बारिश, बाढ़ जैसे हालात, स्कूल बंदः राजस्थान-एमपी में बारिश का रेड अलर्ट

## ओडिशा में 50 हजार लोग बाढ़ प्रभावित, महिला की मौत

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ (ए.)।**

देश के 26 राज्यों में मानसून पहुंच चुका है। गुजरात के सूरत शहर में पिछले 24 घंटे से तेज बारिश हो रही है। सोमवार सुबह 8 बजे से 12 बजे तक चार घंटे में ही 7 इंच बारिश हुई। सूरत में रविवार शाम को मानसून की एंट्री हुई थी। इसके बाद हुई बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जगह-जगह पानी भर गया है। सूरत प्रशासन से आज स्कूल की छुट्टी कर दी है। सूरत में पहले दिन की बारिश ने 2006 में बाढ़ जैसे हालात की याद ताजा कर दी। साल 2006 में 7-10 अगस्त में हुई भारी बारिश से सूरत का करीब 80-95त्न हिस्सा डूब गया था। इधर, मध्य प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन (चक्रवात) और ट्रफ की मौजूदगी से अगले 4 दिन तक बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहेगा, इससे भारी बारिश होगी। टीकमगढ़ में रविवार को 9 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। वहीं, राजस्थान के कई इलाकों में भारी बारिश हो रही है। माउंट आबू में 24 घंटे में 7 इंच पानी बरसा। इसके चलते यहां कई नदियां उफान पर हैं। कई छोटे-बड़े गांवों और कस्बों का संपर्क दूसरे स्थानों से कट गया। राजस्थान में 1 जून से अब तक सामान्य से 133% ज्यादा बारिश हो चुकी है।



### ऑपरेशन सिंदूर ने सभी लक्ष्य पूरे किए, आतंकियों के मन में खौफ भरने में सफल-राजनाथ

**नई दिल्ली** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत के ऑपरेशन सिंदूर ने अपने सभी लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरे किए हैं और यह मिशन आतंकवादियों के मन में डर पैदा करने में पूरी तरह सफल रहा है। राजनाथ सिंह राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 51 प्रमुख भाषणों के संकलन विंग्स टू आवर होप्स - वॉल्यूम 2 का विमोचन किया।

अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह पुस्तक न केवल भाषणों का संग्रह है, बल्कि यह भारत के भविष्य को दिशा देने वाला एक महत्वपूर्ण दस्तावेज भी है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक देश की शासन प्रणाली, समावेशिता और राष्ट्रीय आकांक्षाओं पर आधारित विमर्श को दर्शाती है।

# सोनम का बैग जलवाने वाला ग्वालियर से हिरासत में

## बिल्डिंग के ठेकेदार से कहा था- फ्लैट से बैग हटाओ; इसमें राजा-सोनम के मोबाइल

**इंदौर ब्यूरो।**

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी हत्याकांड में शिलॉन्ग पुलिस ने सोमवार को एक और शख्स को हिरासत में लिया है। पुलिस ने ग्वालियर के गांधीनगर से लोकेंद्र तोमर को पकड़ा है। अपार्टमेंट के गार्ड ने सिविल ड्रेस में चार लोगों के आने और लोकेंद्र को ले जाने की पुष्टि की है। लोकेंद्र इंदौर की उस बिल्डिंग का मालिक है, जिसके फ्लैट में सोनम रुकी थी। उसने ये बिल्डिंग शिलोम जेम्स को किराए पर दी है। शिलॉन्ग एसआईटी शाम करीब 4.30 बजे ग्वालियर के गांधीनगर एमके प्लाजा में 105 नंबर में पहुंची थी। गार्ड ने बताया कि सिविल ड्रेस में चार लोग आए थे। उन्होंने गाड़ी दूर ही खड़ी कर दी थी। वे अपने साथ लोकेंद्र तोमर को ले गए हैं।



लोकेंद्र सिंह तोमर, ठेकेदार

राजा की हत्या के बाद इंदौर लौटी सोनम देवास नाका स्थित जिस फ्लैट में रुकी थी, उसी में उसने काले रंग का यह बैग भी छोड़ा था। शिलॉन्ग पुलिस इस बैग को तलाश रही थी। 20-21 जून को पुलिस ने फ्लैट के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो इस बैग के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद टीम ने उस बिल्डिंग के कॉन्ट्रैक्टर शिलोम जेम्स और गार्ड बलवीर अहिरवार को भी गिरफ्तार कर लिया। 22 जून की रात शिलॉन्ग पुलिस ने शिलोम और बलवीर को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपियों को 7 दिन की ट्रांजिट रिमांड में भेजा है।

### भारत में सस्ते दामों पर मक्का-सोयाबीन बेचने पर अड़ा अमेरिका



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच होने वाली ट्रेड डील, कृषि उत्पादों पर इम्पोर्ट ड्यूटी के चलते बीच में अटक गई है। ट्रेड डील के लिए अमेरिका अपने जेनेटिकली मॉडिफाइड (GM) फूड जैसे मक्का और सोयाबीन पर इम्पोर्ट ड्यूटी घटाने की मांग कर रहा है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका चाहता है कि ये प्रोडक्ट भारत में सस्ते बिकें। वहीं भारत सरकार किसानों को नुकसान से बचाने के लिए इम्पोर्ट ड्यूटी नहीं घटाना चाहती। भारतीय अधिकारियों का मानना है कि अगर अमेरिका के सस्ते त्नरूफूड भारत में आ जाएंगे, तो भारतीय किसानों की फसलें बिकना मुश्किल हो जाएगी।

# बिलावल ने इजराइली हमलों की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से कीः सिंधु संधि पर भारत को जंग की चेतावनी दी

## पाकिस्तानी PM बोले- हम ईरान के साथ खड़े

**इस्लामाबाद (ए.)।**

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी ने सोमवार को नेशनल असेंबली सत्र के दौरान भारत पर निशाना साधा। बिलावल ने इजराइल के ईरान पर हमले की तुलना ऑपरेशन सिंदूर से की। पाकिस्तानी मीडिया जियो न्यूज के मुताबिक बिलावल ने कहा कि जिस तरह भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया था, उसी तरह इजराइल ने ईरान पर अटैक किया है।



# पहलगाम हमला- गिरफ्तार आरोपियों ने एक आतंकी पहचाना

**श्रीनगर (ए.)।**

पहलगाम हमले के तीन आतंकियों में से एक की पहचान हो गई है। रविवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की गिरफ्त में आए दो आरोपियों ने बताया है कि हमला करने वाले तीन आतंकियों में से एक का नाम सुलेमान शाह है। बाकी दो पाकिस्तानी आतंकियों के नामों का खुलासा फिलहाल नहीं किया गया है। सुलेमान भी उसी आतंकी नेटवर्क का हिस्सा है, जिसमें वे आतंकी शामिल थे, जिनकी तस्वीर पहलगाम हमले के बाद सामने आई थी। इन आतंकियों में हाशिम मूसा, तल्हा भाई और जुनैद थे। हालांकि जुनैद पिछले साल ही एनकाउंटर में मार दिया गया था।




# आंध्र प्रदेश के पूर्व CM जगन पर FIR: उनकी कार ने रोड शो में एक व्यक्ति को कुचला था

## VIDEO सामने आने पर कार्रवाई

**हैदराबाद (ए.)।**

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ हिट एंड रन मामले में FIR दर्ज हो गई है। यह जानकारी गुंटूर जिले के SP एस सतीश कुमार ने रविवार देर रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। SP ने बताया कि पूर्व CM की कार ने 5 दिन पहले रोड शो के दौरान 53 साल के व्यक्ति को कुचल दिया था। अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम चीली सिंघैया है। वह जगन की पार्टी YSRCP के कार्यकर्ता थे। वीडियो सामने आने के बाद कार्रवाई हुई।

घटना 18 जून की है। जगन पालनाडु जिले के रेंटापल्ला गांव में पार्टी के एक कार्यकर्ता के परिवार से मिलने जा रहे थे। कार्यकर्ता ने पिछले साल पुलिस प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। जगन मोहन उसी के समर्थन में रोड शो कर रहे थे। जब काफिला एतुकुरु बाइपास से गुजर रहा था, तब यह हादसा हुआ। SP सतीश कुमार ने 18 जून की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि सिंघैया काफिले पर फूल फेंकते समय गिर गए और गाड़ी की चपेट में आ गए। गाड़ियां बिना रुके आगे बढ़ गईं। हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पहले पुलिस ने कहा था कि हादसा जगन की कार से नहीं हुआ। मामले का खुलासा VIDEO से हुआ पुलिस ने 18 जून को दावा किया था कि एक प्राइवेट व्हीकल (AP 26 CE 0001) ने मृतक सिंघैया को कुचला था। यह गाड़ी पूर्व CM के काफिले का हिस्सा नहीं थी, लेकिन VIDEO सामने आने के बाद मामले का खुलासा हुआ और पुलिस ने FIR में अन्य धाराएं बढ़ाईं।



SP ने यह भी बताया था कि पूर्व CM के काफिले में सिर्फ तीन गाड़ियों की परमिशन दी गई थी, जबकि उनके काफिले में 30 से ज्यादा वाहन शामिल थे। इस मामले में मृतक की पत्नी की शिकायत पर लापरवाही से मौत की धारा 106 (1) के तहत केस दर्ज किया गया है। FIR में कार ड्राइवर रमन्ना रेड्डी, रेड्डी के PA नागेश्वर रेड्डी, पूर्व सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी, पूर्व विधायक पेरनी नानी और पूर्व मंत्री विदादला रजिनी का भी नाम है।

# नदियों के जलस्तर पर निगरानी रखे, कन्ट्रोलरूम को सूचना दें-अपर कलेक्टर

## समय सीमा की बैठक आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने निर्देश दिये कि पार्वती, चंबल नदियों के जलस्तर पर निगरानी रखी जाये तथा बाढ आपदा प्रबंधन को लेकर कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला स्तरीय कन्ट्रोलरूम को तत्काल सूचना दी जायें। इसके अलावा नियमित रूप से जलस्तर की जानकारी संबंधित व्हाटसएप ग्रुप पर शेयर की जायें। उन्होने कहा कि पूर्व में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा बाढ आपदा प्रबंधन की बैठक में दिये गये निर्देशो के अनुरूप ऐसी पुलिया, रपटे जिन पर वर्षाकाल के दौरान पानी आ जाता है, वहां सुरक्षा के लिए किये गये उपाय एवं सूचना संकेतक के संबंध में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायें। उन्होने कहा कि पार्वती नदी जलालपुरा पर लोक निर्माण विभाग द्वारा कर्मचारियों को नियुक्त किया जाये, जो नदी के जलस्तर पर निगरानी रखेगे। बैठक में एमपीआरडीसी, आरईएस, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय, पीडब्ल्यूडी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित सडक विभाग अपनी-अपनी सडको का संधारण कार्य करते रहें, वर्षा के दौरान सुरक्षित आवागमन के लिए बारिश के दौरान सडको पर गढ्ढे होने की स्थिति में उनकी पेंच रिपयरिंग का कार्य करायेगे तथा जहां रिटर्निंग वॉल की आवश्यकता है, वहां रिटर्निंग वॉल बनाई जायें। उन्होने निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ किया जायें। सभी विभागीय अधिकारी अपनी विभागीय ग्रेडिंग में ए-ग्रेड का लक्ष्य पूर्ण करें। सीएम हेल्पलाइन में श्योपुर जिले की रैकिंग इस माह 15 रही, उन्होने कहा कि टॉप-10 रैकिंग में आने के लिए विभागीय अधिकारी शिकायतों का त्वरित रूप से निराकरण करें तथा शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल एल-1 स्तर पर उचित जवाब भरें। उन्होने निर्देश दिये कि 50 दिवस से अधिक लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जायें। विभागीय अधिकारी कोर्ट प्रकरणों में जवाब दावे समय सीमा में प्रस्तुत करें तथा उसकी प्रति संबंधित शाखा को उपलब्ध कराई जायें। बैठक में एसडीएम श्री बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन, सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित थे।

# मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन तथा स्वीप नोडल एवं प्रशिक्षण नोडल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर के निर्देशन मे पीजी कॉलेज में जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर श्री नंदबिहारी शर्मा एवं श्री रवि गर्ग द्वारा बीएलओ के दायित्व, बीएलओ द्वारा भरे जाने वाले फार्म 6, 6ए फार्म 7 तथा फार्म 8 भरने कि प्रक्रिया तथा सावधानियाँ आदि से अवगत कराया। प्रशिक्षण में पीएम कॉलेज प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा एवं निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहें।

# 24.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**श्योपुर ब्यूरो।** श्योपुर जिले में 23 जून को 24.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 23 जून को श्योपुर में 11, बडौदा में 5, कराहल में 10, विजयपुर में 35, वीरपुर में 63 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 141.7 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 20.2 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

# साक्षरता कार्यक्रम के तहत 30 जून तक सर्वे कार्य पूर्ण करने के निर्देश

## प्रोढ शिक्षा अंतर्गत बैठक आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित उल्लास- नवभारत साक्षरता कार्यक्रम बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने निर्देश दिये कि साक्षरता कार्यक्रम के तहत 30 जून तक सर्वे कार्य पूर्ण किया जायें। उन्होने कहा कि अभी तक 1 लाख 20 हजार 681 असाक्षरो का सर्वे हुआ है। 30 जून तक पोर्टल संचालित रहेगा, इसके पूर्व सभी सीएसी अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे कराया जाना सुनिश्चित करें।

सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर ने निर्देश दिये कि सभी स्कूलों में साक्षरता कार्यक्रम के तहत सामाजिक जनचेतना केन्द्र के बोर्ड लगाये जायें एवं स्कूलो में एक घंटे के लिए असाक्षरो को साक्षर बनाने के लिए अध्ययन कराया जायें। उन्होने कहा कि कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए शासन निर्देशानुसार प्रत्येक संकुल में सहसमन्वयक साक्षरता के रूप में किसी शिक्षक को जिम्मेदारी प्रदान की जायें। इसके साथ ही सीएसी सर्वे के दौरान स्कूलो में मध्यान्ह भोजन, आयरन टेबलेट आदि की व्यवस्थाएं भी अवलोकन करते हुए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उन्होने निर्देश दिये कि साक्षरता कार्यक्रम के तहत 593 अक्षर साथी बनाये गये है, शेष अक्षर साथियों का चयन किया जायें। कुल 980 अक्षर साथी बनाये जाने है, जो साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु वाले असाक्षरो को साक्षर बनाने का कार्य करेंगे। जिला सह समन्वयक साक्षरता श्री आरपीएस जादौन ने बताया कि श्योपुर जिले में साक्षरता कार्यक्रम के तहत कुल 1 लाख 95 हजार का लक्ष्य निर्धारित कर सर्वे कराया जा रहा है, इसमें से 1 लाख 20 हजार 681 लोगों का सर्वे कर लिया गया है तथा 30 जून तक शेष लोगों का सर्वे किये जाने का लक्ष्य है। इनमें से साक्षरता कार्यक्रम के तहत अभी तक 83 हजार 247 लोगों को साक्षर बनाने के कार्य पूर्ण कर लिया गया है। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना, बीईओ श्रीमती मधु शर्मा एवं कराहल श्री प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, डाईट प्राचार्य श्री राघवेन्द्र सिकरवार, प्रोढ शिक्षा अधिकारी श्री भूपेन्द्र शर्मा, जिला सह समन्वयक साक्षरता श्री आरपीएस जादौन सहित सीएसी, बीआरसी, बीएसी आदि उपस्थित थे।

# वर्षाकाल को दृष्टिगत रख पटवारी एवं सचिवों को ग्राम में निवास करने के निर्देश

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए पटवारियों, पंचायत सचिवों एवं ग्राम रोजगार सहायको को मुख्यालय पर निवास करने के निर्देश दिये है। अतिवर्षा एवं जिले की सीमाओ में स्थित नदियों में बाढ की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सूचना संप्रेषण एवं आपदा की स्थिति में तत्काल सहायता एवं बचाव कार्यो की आवश्यकता के दृष्टिगत बाढ आपदा प्रबंधन के तहत पूर्व से चिन्हित 60 ग्रामों के पटवारियों, सचिवों एवं रोजगार सहायको को अपने-अपने मुख्यालय पर निवास करने के लिए निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जिन ग्रामों के पटवारियों, सचिवों एवं जीआरएस को मुख्यालय पर रहने के निर्देशित किया गया है, उन ग्रामो में जलालपुरा, झोपडी, पानडी, डाबरसा, अडवाड, सूंडी, माखनाखेडली, इच्छनाखेडली, ज्वाड मजरा खीरपुरा, चक ज्वाड, दलारनाकलां, अडूसा, साडा का पाडा, मुदालापाडा, दांतरदाकला, सामरसा, ऊचाखेडा, बिचपुरी, तलावदा, आवनी, जवासा, टोंगनी, सेवापुर, सिरसौद, जैनी, फतेहपुर, धीरोली, माकडोद, बगदिया मजरा कीरों का साड, बिलौनी, खिरखिरी, कस्बा श्योपुर (निचली बस्तियां), मलपुरा, सोईकला, नंदापुर, ज्वालापुर, गुरनावदा, कोटरा, शंकरपुर, मानपुर, कुंहाजापुर, राधापुरा, राजौरा, उतनवाड, अलापुरा, बडौदा (कस्बा), नदीगांव, सांड, सुठारा, रिझेटा, अर्रोदरी, दिमरछा, रेशम कॉलोनी, आवदा, गोरस, कस्बा विजयपुर, इकलौद, बाडखेडा, बैनीपुरा एवं अर्रोद शामिल है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि संबंधित ग्रामों के संबंध में प्रतिदिन जानकारी प्राप्त की जायें।

# पिकनिक स्थलों एवं पुल-पुलियाओं, रपटो पर सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने वर्षाकाल के दौरान जिले के मुख्य पिकनिक स्थलों जैसे-बंजारा डेम, मोर डूंगरी, हाथी टीला, ढेंगदा वाले बालाजी, भूरी घाट (ढेगदा), बावंदा नाला, आवदा बांध, फूलदेह का झरना (कैलोर की गढ़ी), रामेश्वर घाट (मानपुर), भूतेश्वर महादेव (नागदा), डोब कुंड, देव खो आदि पर पर्यटकों के आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा को दृष्टि से विभिन्न उपाय किये जाने हेतु निर्देश दिये है। पिकनिक स्थलों पर होने वाली दुर्घटनाओं और अप्रिय घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से खतरनाक क्षेत्रों में प्रवेश पर रोक लगाने और आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता आदि के संबंध जिले के सभी एसडीएम एवं एसडीओपी को निर्देशित किया गया है। जारी निर्देशो के अनुरूप अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अपने थाने क्षेत्रांतर्गत पिकनिक स्थलों, क्षतिग्रस्त पुल-पुलियाओं एवं रपटो पर सुरक्षाकर्मियों, पुलिस बल तैनात करना सुनिश्चित करेगें। खतरनाक या जोखिम भरे स्थानों पर, जैसे कि गहरे पानी या फिसलन वाले क्षेत्रों में एवं पुल-पुलियाओं, रपटो पर अधिक पानी होने दशा में उस स्थान पर आवागमन को प्रतिबंध किया जायें तथा ऐसे स्थानों पर चेतावनी संकेत भी लगाए जाए। पानी में नौका विहार या अन्य गतिविधियों के लिए लाइफ जैकेट का उपयोग अनिवार्य किया जाए। आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए, पिकनिक स्थलों पर पर्याप्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। पर्यटकों को पिकनिक स्थलों पर बनाए गए नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जायें। मद्यपान, तेज आवाज में संगीत बजाना आदि गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। बरसात के मौसम में नदी में बीचों-बीच जाकर टापू पर पिकनिक मनाने जाने वाले पर्यटकों को पुलिस बल द्वारा रोका जाये और सावधानी बरतने की सलाह दी जाए। नदियों के बीच स्थित पठार, टापू, पत्थरों पर बैठकर पिकनिक मनाने वाले व्यक्तियों को प्रतिबंधित करने हेतु संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी अपने स्तर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधित आदेश जारी करेंगे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा वर्षाकाल के दौरान जिले की प्रमुख नदियों के जलस्तर पर निगरानी रखने के निर्देश दिये है। जल संसाधन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि पार्वती नदी का डेंजर लेबल 198 मीटर है तथा वर्तमान में खातौली में पानी का जलस्तर 199 मीटर है। पार्वती नदी खतरे के निशान से 1 मीटर ऊपर चल रही है। इसी प्रकार समुद्रतल से चंबल नदी में पाली पुल पर अभी 184.61 मीटर पानी का लेबल है, चंबल का डेंजर लेबल 199.50 मीटर है, जो खतरे के निशान से लगभग 15 मीटर नीचे है। पार्वती नदी के जलस्तर पर निगरानी रखी जा रह है तथा नदी के किनारे के ग्रामों में सर्तकता बरतने एवं अधिकारियों को सुरक्षा प्रबंध किये जाने के साथ ही अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गये है।

# जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलदान दिवस पर श्रदासुमन अर्पित किये




**मेहगांव।** महान शिक्षाविद, राष्ट्रचिंतक, प्रखर राष्ट्रवादी एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर आज वार्ड क्रमांक 03 में बूथ क्रमांक 154 के बूथ अध्यक्ष राजेश त्यागी एवं कार्यकारिणी के साथ त्यागी के निज निवास पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर याद किया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष एवं बूथ क्रमांक 154 प्रभारी श्रीमती सुधा राठौर ने कहा कि भारत की एकता एवं अखंडता के लिए डॉ. मुखर्जी जी द्वारा दिए गया सर्वोच्च बलिदान ये भारत भूमि क्षण भर के लिए विस्मृत नहीं कर पायेगी इस मौके पर राजेश व्यास सन्तोष त्यागी महेश सिंह कौरव सर्वेश त्यागी राजकुमार राठौर अर्पित त्यागी आदित्य त्यागी सियाराम दिघर्रा ओम कटारे ने श्रंद्धाजलि अर्पित की।

# जन शिक्षण संस्थान भिण्ड में 11वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

## "स्वस्थ जीवन की यह पहचान, योग अपनाएं हर इंसान"



**भिण्ड ब्यूरो।** 21 जून 2025 को 11वॉ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चौधरी सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल में मानाया गया जिसका विषय था "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य" योग गुरू श्री विकास त्रिपाठी जी के द्वारा बताया गया कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यह हमें स्वस्थ, शांत और खुश रहने की दिशा में ले जाता है। रोज योग करने से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और शरीर मजबूत बनता है। योग गुरू के द्वारा उपस्थितजनो को बताया कि आज 11वॉ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है, आइए हम सभी संकल्प लें कि योग को अपनी दिनचर्या में अपनाकर खुद को और देश को स्वस्थ बनाएं। योगगुरू विकास त्रिपाठी के द्वारा व्यायाम, योगासन, प्राणायाम यम नियम, के महत्व को समझाकर ताडासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, अर्धकटी चक्रासन, खगासन, वज्रासन, शशांक आसन, उष्ट्रासन, अर्धचंद्रासन, सूर्यनमस्कार ,ओंकार, प्राणायाम, भ्रामरी, कपालभाती, अनुलोम-विलोम किया गया। जन शिक्षण संस्थान भिण्ड के निदेशक श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा ने योग के द्वारा व्यक्ति मे होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज के तनावपूर्ण जीवन में स्वस्थ रहने के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शरीर को निरोगी बनाता है, बल्कि मानसिक शांति एवं ऊर्जा भी प्रदान करता है। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक श्री जितेन्द्र कुमार शर्मा, चौधरी सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री जितेन्द्र राजौरिया जी, कार्यक्रम अधिकारी श्री संतोश कुमार दुबे, सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्री दिनेश शर्मा, लिपिक श्री अजय सिह कुशवाह, दीपेन्द्र चतुर्वेदी, राजेन्द्र दीक्षित पंकज सोनी, अनुष्का सोमवंशी सृष्टि त्रिवेदी, विकास सोनी एवं छात्र/छात्राएँ उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका पद हेतु आवेदन 04 जुलाई तक

**मुरैना,कांस।** संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के आदेशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की नियुक्ति एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जा रही है। बानमौर परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास प्रीती राणा ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन 04 जुलाई 2025 तक, प्राप्त किए जाएंगे एवं आवेदन में संशोधन किये जाने की अंतिम तिथि 07 जुलाई निर्धारित की गई है। योग्य महिला अभ्यार्थी एमपी ऑनलाइन पोर्टल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के पद हेतु आवेदन भर सकतीं हैं। परियोजना अधिकारी बानमौर द्वारा जानकारी दी गई है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के कुल 05 पद एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 36 पद स्वीकृत किये गये है।

# 22 बंदियो की क्षयरोग जांच

**श्योपुर ब्यूरो।** जिला जेल श्योपुर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर 22 बंदियो की टीबी जांच की गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री प्रभात कुमार, जेल चिकित्सक डॉ संजय जैन, लेबोरेटरी सुपरवाईजर श्री बीके शर्मा, एक्सरे टेक्नीशियन श्री ललित टेगौर एवं जेल स्टॉफ उपस्थित थे। जेल में आयोजित शिविर में चिकित्सक दल द्वारा 22 बंदियों की क्षयरोग जांच की गई तथा एक्सरे किये गये।

# सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण में फोकस करें - कलेक्टर

## सार्थक ऐप में जीरो उपस्थिति पाई जाने पर 09 नगरीय निकाय सीएमओ का वेतन रोकने दिए निर्देश, समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समय सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री सुनील दुबे, अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर श्री अंकुर रवि गुप्ता सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी तथा कई अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों तथा निराकरण की स्थिति की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समस्त विभाग सीएम हेल्पलाइन में लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण में फोकस करें। साथ ही सभी विभाग अधिकारियों को 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों के निराकरण में भी फोकस करने निर्देश दिए। कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने समस्त कार्यालय की सार्थक एप्लिकेशन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने के संबंध में समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नगर पालिकाध्नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों द्वारा सार्थक ऐप पर एक भी दिन उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जाने पर नगर पालिका परिषद भिण्ड सीएमओ श्री यशवंत वर्मा, नगर पालिका परिषद गोहद प्र.सीएमओ श्री सुरेन्द्र शर्मा, नगर परिषद मौध्मेहगांव प्र.सीएमओ श्री महेश पुरोहित, नगर परिषद गोरमी प्र.सीएमओ श्री प्रदीप ताम्रकार, नगर पालिका परिषद लहारध्मिहोना प्र.सीएमओ श्री रमाशंकर शर्मा, नगर परिषद रौनध्फूप प्र.सीएमओ श्री संतोष सिहारे का माह जून 2025 के वेतन आहरण पर रोक लगाने निर्देश दिए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय निकाय एवं पंचायत विभाग सहित सम्मिलित सभी विभागों के द्वारा की गयी गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने खेत तालाब, डगवेल, अमृत सरोवर एवं वृहद वृक्षारोपण कार्य के संबंध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने ईकेवाईसी की समीक्षा कर कहा कि संबंधित अधिकारी समग्र ईकेवाईसी पर विशेष ध्यान दें और कार्य में प्रगति लाएं। उन्होंने 50 प्रतिशत से कम प्रगति वाली नगरीय निकाय के वार्ड प्रभारी एवं ग्राम पंचायतों के सचिव या संबंधित का आगामी आदेश तक वेतन आहरण पर रोक लगाने निर्देश दिए। उन्होंने जलजनित रोगों से बचाव हेतु सभी नगरीय निकाय सीएमओ एवं जनपद पंचायत सीईओ को प्रति सप्ताह पानी की सैंपलिंग कर टेस्टिंग के लिए पीएचई लैब में भेजने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन, सीपी ग्राम शिकायत, मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई, मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों के निराकरण की समीक्षा, सीएम एवं सीएस मॉनिट, टीएल पत्र निराकरण की समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिऐ।

# जिला स्तरीय सर्तकता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक संपन्न



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सर्तकता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने बैठक में अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1995 के अन्तर्गत दर्ज प्रकरणों में प्रगति, अधिनियम अन्तर्गत स्वीकृतध्वितरण राहत राशि, अधिनियम अन्तर्गत न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों, न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में सजा का प्रतिशत सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने एवं 06 माह से लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने निर्देश दिए।

# भारत सरकार ने "टीबी मुक्त भारत अभियान" की व्ही.सी के माध्यम ये की समीक्षा

## नि-क्षय पोषण योजना तथा टीबी मरीज के परिजनों की स्क्रीनिंग में जिला भिण्ड के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कलेक्टर ने की प्रशंसा



**भिण्ड ब्यूरो।** सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली तथा मिशन निदेशक (एन.एच.एम) की अध्यक्षता में टीबी मुक्त भारत अभियानष् की समीक्षा बैठक का आयोजन व्हीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से किया गया । उपरोक्त मीटिंग में जिले में नि-क्षय पोषण योजना के अंतर्गत टीबी मरीजों को दी जाने वाली सहायता राशि की समीक्षा में प्रदेश में जिला भिण्ड का प्रदर्शन उत्कृष्ट होने पर कलेक्टर द्वारा प्रशंसा की गई साथ ही टीबी मरीजों के परिवारजनों की होने वाली स्क्रीनिंग, जाच में जिले के अच्छे कार्य की सराहना भी की। जिला कलेक्टर श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव के द्वारा मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला क्षय अधिकारी डॉ देवेश शर्मा को 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान के अंतर्गत जिले में कार्य में तेजी लाने तथा मरीजों की होने वाली एक्स-रे एवं नाट टेस्टिंग की उपलब्धि बढाने हेतु निर्देशित किया गया एवं अभियान की निंरतर ब्लॉकवार समीक्षा करने के निर्देश दिये। व्हीडियो कॉन्फ्रेन्स में जिला कलेक्टर श्री संजीव कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आलोक शर्मा, जिला क्षय अधिकारी डॉ देवेश शर्मा एवं डीपीसी अवनीश दैपुरिया उपस्थित रहे।

# असुरक्षित नावों के संचालन पर रोक, रजिस्ट्रेशन सहित अन्य सुरक्षा उपाय जरूरी

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा नदियों एवं जलग्रहण क्षेत्रों एवं तालाबों, कुओं जलभराव क्षेत्र नहर, डैम नाला, खदान आदि स्थानों में होने वाली डूब दुर्घटनाओं के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार वर्षा ऋृतु आरंभ होने से नदियो, डेम, नहर आदि में क्षमता से अधिक जलभराव संभावित है, अतः नदियों जलग्रहण क्षेत्र में होने वाली डुब दुर्घटनाओ के रोकथाम हेतु यह आवश्यक है कि नदी ओर जलभराव क्षेत्र में स्थित नावों तथा नाविकों का रजिस्ट्रेशन किया जाए तथा असुरक्षित नावों के संचालन को तत्काल प्रभाव से रोका जाए साथ ही नावों की क्षमता के अनुसार यात्रियों को बैठाया जायें, क्षमता संख्या का अंकन नाव पर किया जायें। नावों पर यात्रियों की सुरक्षा हेतु लाइफ जैकेट, रस्सा आदि न्यूनतम उपकरणों की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई जाए। इस उद्देश्य से नावों एवं नाविकों को बिना रजिस्ट्रेशन कराये असुरक्षित नावों का परिचालन पर प्रतिबंध लगाने की कार्यवाही की गई है। नाव परिचालन हेतु स्थानीय निकाय, जनपद पंचायत, नगरपालिका क्षेत्र में नाव और नाविक का रजिस्ट्रेशन करायेगा। रजिस्ट्रेशन से पूर्व स्थानीय निकाय नाव की भराव क्षमता एवं नावों पर यात्रियों की सुरक्षा हेतु लाइफ जैकेट, रस्सा आदि, न्यूनतम उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित करें, नाव पर नाविक का नाम, मोबाईल नंबर एवं उसके नाव की यात्री भराव क्षमता का अंकन किया जाएगा। नाविक का तेराक होना आवश्यक होगा। यात्रियों को लाइफ जैकेट पहनाकर ही नाव में सवार किया जाएगा। यदि कोई नाविक व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से उपरोक्त आदेश का पालन न करते पाया जाता है तो वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत दण्डनीय होगा। श्योपुर जिले के समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, कार्यपालिक दण्डाधिकारियों समस्त थानों एवं समस्त थाना निकायों जनपद पंचायतों ग्राम पंचायतों के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर उक्त आदेश को सूचनार्थ चस्पा करने के निर्देश जारी किये गये है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

# एन एच 552 नेशनल हाईवे में हो रहे है बड़े-बड़े गड्ढे, फंस जाते है वाहन

(चंबल सुर्खि संवाददाता)



**वीरपुर।** बीरपुर कस्बे की मुख्य सड़क एम एस रोड पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए है जिनमें छोटे वाहनों के पहिये फंस जाते हैं. इस ओर नेशनल हाइवे के अधिकारियो का ध्यान नहीं है. भाजपा सरकार ने वीरपुर को तहसील का दर्जा दिया लेकिन तहसील होने के नाते कोई भी सुविधा आज तक नहीं मिली। वीरपुर तहसील में लगभग 15000 की आबादी है, किन्तु सड़क पानी व बिजली की उचित सुविधा नहीं मिली जबकि लाखों रुपए की राशि को बड़े अधिकारियों से मिलकर लीपापोती कर दी जाती है. बड़े-बड़े नेता इस सड़क पर गुजरते हैं लेकिन आज तक उन्होंने समस्या पर ध्यान नहीं दिया. 20 साल पुराना हाल आज भी चला आ रहा है.हाईवे के वरिष्ठ अधिकारी कभी कभी गिट्टी और मिटटी डलवा कर अपना पल्ला झाड़ देते हैं. जैसे ही कोई नेता या जिले से अधिकारी भ्रमण करते हैं रातों-रात गिट्टी और मिट्टी डाल दी जाती है।

# सड़कों की मरम्मत का काम लगातार जारी रहे : प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

## वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर की विकास गतिविधियों एवं सरकार के प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों की समीक्षा

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर की सड़कों पर पेचवर्क (मरम्मत) का काम लगातार जारी रखें। बरसात से क्षतिग्रस्त हुईं सड़कों की मरम्मत के लिये जोनवार टीम गठित करें। साथ ही सड़कों की दुरुस्ती के बाद फोटो लेकर उन्हें भेजें। इस आशय के निर्देश जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने नगर निगम आयुक्त सहित सड़क निर्माण से संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों को दिए। उन्होंने शहर की खराब सड़कों के नाम बताए और कहा कि समयबद्ध कार्यक्रम के तहत इन सड़कों की मरम्मत सुनिश्चित करें। श्री सिलावट ने सोमवार को वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर ग्वालियर सहित सम्पूर्ण जिले की विकास गतिविधियों, स्वास्थ्य सेवाओं, सरकार के प्राथमिकता वाले अभियानों व योजनाओं तथा कानून व्यवस्था की समीक्षा की। यहाँ शंकरपुर स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम के सभागार में आयोजित हुई बैठक में संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री, पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद सक्सेना, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अमित सांघी, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, जीआर मेडीकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर के एस धाकड़, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय व जेएएच के अधीक्षक श्री सुधीर सक्सेना सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने शहर की खराब स्ट्रीट लाइट को अभियान बतौर ठीक कराने के निर्देश भी बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार जोन में विभक्त कर प्राथमिकता निर्धारित करें और स्ट्रीट लाइट ठीक कराने का काम किया जाए। बैठक में बताया गया कि ग्वालियर शहर में 55 हजार स्ट्रीट लाइट चालू हैं। साथ ही खराब स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने का कार्य जारी है।

**जल भराव वाले क्षेत्रों के पानी की निकासी की पुख्ता व्यवस्था हो**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि बरसात के दौरान जल भराव वाले क्षेत्रों में पानी की निकासी की पुख्ता व्यवस्था की जाए। इस कार्य को जल्द से जल्द अंजाम दिया जाए, जिससे स्थानीय निवासियों को दिक्कत न हो। बैठक में बताया गया कि ग्वालियर शहर में जल भराव वाले 40 स्थान चिन्हित किए गए थे। इन क्षेत्रों के नालों की सफाई व अतिक्रमण का काम प्रमुखता से किया गया है। साथ ही पंप लगाकर पानी की निकासी कराई जा रही है।

**जर्जर भवन कराएं खाली, लोगों की सुरक्षा के साथ समझौता न हो**

बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने जोर देकर कहा कि शहर में चिन्हित जर्जर भवन खाली कराएं। लोगों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिए। इसी तरह बिजली के खुले ट्रांसफार्मरों को भी सुरक्षित कराने के लिये विशेष मुहिम चलाएं। नगर निगम आयुक्त ने जानकारी दी कि ग्वालियर शहर में 103 निजी भवन जर्जर हालत में चिन्हित किए गए हैं। इन सभी मकानों को खाली कराने के नोटिस दिए जा चुके हैं, जल्द ही इन मकानों को खाली करा लिया जायेगा।

**सभी संजीवनी क्लीनिक करें सक्रिय और मौसमी बीमारियों से बचाव के हों पुख्ता उपाय**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्वालियर शहर में सरकार द्वारा स्वीकृत की गईं सभी संजीवनी क्लीनिक को सक्रिय करने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि संजीवनी क्लीनिक सुचारू हो जाने से न केवल लोगों को अपने नजदीक बेहतर इलाज मिलेगा बल्कि जेएएच व जिला चिकित्सालय से मरीजों का दबाव कम होगा। उन्होंने डेंगू-मलेरिया एवं अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव के लिये जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, साथ ही मच्छरों का लार्वा नष्ट करने के लिये अभियान चलाने के निर्देश दिए।

**जल गंगा संवर्धन व एक पेड़ माँ के नाम अभियान को प्रभावी बनाएं**

सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में जल गंगा संवर्धन व एक पेड़ माँ के नाम अभियान को प्रभावी बनाने के निर्देश भी प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने दिए। बैठक में बताया गया कि ग्वालियर शहर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 21 बावड़ी की सफाई का काम हाथ में लिया गया था, जिसमें से 17 का काम पूरा हो चुका है। जिले मे ग्रामीण अंचल में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत 779 खेत तालाब निर्माण का लक्ष्य के विरूद्ध 907 खेत तालाबों का कार्य हाथ में लिया गया है। साथ ही 846 डगवैल रीचार्ज का काम कराया गया। जिले में 12 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा लगभग 1393 जल संरचनाओं को ठीक करने का कार्य किया जा रहा है।

**हर तीन माह में स्टेशन पुनर्निर्माण कार्य की करें समीक्षा**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्वालियर स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्य की हर तीन माह में समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संभाग आयुक्त की अध्यक्षता में यह समीक्षा बैठक हो। साथ ही इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। श्री सिलावट ने एलीवेटेड रोड के काम में तेजी लाने के लिये कहा।

**पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये विस्तृत प्रस्ताव तैयार करें**

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने ग्वालियर क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये विस्तृत प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय पर्यटन मंत्री से भेंट कर इस प्लान को मंजूरी दिलाई जायेगी। उन्होंने ग्वालियर शहर के चौराहों के सौंदर्यीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश भी दिए।

**अपराधियों के खिलाफ हो कठोर कार्रवाई**

जिले की कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने निर्देश दिए कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें, जिससे असमाजिक तत्वों में खौफ पैदा हो और जन मानस में सकारात्मक संदेश पहुँचे। बैठक में मौजूद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने जिले में अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये सभी आवश्यक कदम उठाने के लिये भी कहा।

**हजार बिस्तर अस्पताल को मॉडल अस्पताल बनाएं**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बैठक में मौजूद जीआर मेडीकल कॉलेज के अधिष्ठाता को निर्देश दिए कि ग्वालियर-चंबल अंचल के सबसे बड़े अस्पताल जेएएच समूह से जुड़े हजार बिस्तर अस्पताल को इलाज व सुविधा के लिहाज से मॉडल अस्पताल बनाएं। सरकार इसके लिये धन की कमी नहीं आने देगी। उन्होंने अस्पताल के सभी कोरीडोर में पंखे लगवाने और मरीजों के लिये अन्य सुविधायें जुटाने के निर्देश भी इस अवसर पर दिए। साथ ही नगर निगम आयुक्त को हिदायत दी कि जेएएच क्षेत्र के फुटपाथों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सात दिन के भीतर पूर्ण की जाए।

**खाद्य प्रयोगशाला जल्द से जल्द शुरू कराएं**

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने बैठक में जानकारी दी कि ग्वालियर में खाद्य प्रयोगशाला को चालू करने के लिये सरकार द्वारा 3 करोड़ 40 लाख रूपए की राशि मंजूर कर दी गई है। अत~ यह प्रयोगशाला जल्द से जल्द शुरू कराई जाए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, नामांतरण व बटवारा, छात्रावासों की व्यवस्था, नए शिक्षा सत्र में स्कूलों में प्रवेश, लिफ्ट संधारण इत्यादि की समीक्षा भी की गई।

# सेटअप अनुसार बनाये प्रभारी राजस्व निरीक्षक

**ग्वालियर।** नगर निगम ग्वालियर में मध्यप्रदेश शासन के नियम एवं सेटअप अनुसार राजस्व सह रिकवरी विभाग सम्पत्तिकर में राजस्व निरीक्षकों के स्वीकृत पद संख्या 13 के विरुद्ध वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्तिकर वसूली एवं कार्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुये वर्तमान में पदस्थ 12 प्रभारी सहायक सम्पत्तिकर अधिकारियों के स्थान पर 3 राजस्व निरीक्षकों की मूल पद राजस्व निरीक्षक एवं शेष 09 शासकीय सेवकों को प्रभारी राजस्व निरीक्षक का प्रभार सौंपा गया है। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के जारी आदेशानुसार प्र.एपीटीओ श्री दीपक अग्निहोत्री को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 01,07 का प्र. राजस्व निरीक्षक, प्र.एपीटीओ श्री सतेन्द्र राजौरिया को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 02,03 का राजस्व निरीक्षक, प्र.एपीटीओ श्री विनीत शर्मा को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 04,05,06 का प्र. राजस्व निरीक्षक, प्र.एपीटीओ श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 08,24,25 का प्र. राजस्व निरीक्षक, प्र.एपीटीओ श्री शशिकांत शुक्ला को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 09,10 का प्र. राजस्व निरीक्षक, प्र.एपीटीओ श्री महेन्द्र शर्मा को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 11,14 का प्र. राजस्व निरीक्षक (संविदा), प्र.एपीटीओ श्री रोहित सिंह को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 12 का राजस्व निरीक्षक, प्र.एपीटीओ श्री दीपक सोनी को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 13 का प्र. राजस्व निरीक्षक, प्र.एपीटीओ श्री देवेन्द्र बुधोलिया को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांम 15,16,17 का प्र. राजस्व निरीक्षक, प्र.एपीटीओ श्री संगम अग्रवाल को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 18,20 का राजस्व निरीक्षक, प्र.एपीटीओ श्री अजय जैन को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 19,21 का प्र. राजस्व निरीक्षक एवं प्र.एपीटीओ श्री महेश पाराशर को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 22,23 का प्र. राजस्व निरीक्षक का दायित्व सौंपा है। इसके साथ ही कार्य सुविधा की दृष्टि से सहायक वर्ग 03 श्री मुकेन्द्र यादव सम्पत्तिकर कर संग्रहक वार्ड 39 को सम्पत्तिकर कर संग्रहक वार्ड 57 एवं सहायक राजस्व निरीक्षक श्री भूपेश श्रीवास सम्पत्तिकर कर संग्रहक वार्ड 57 को सम्पत्तिकर कर संग्रहक वार्ड 39 का दायित्व सौंपा गया है।



# सभापति श्री तोमर ने दिव्यांग को दी मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल

**ग्वालियर।** सभापति श्री मनोज तोमर के द्वारा एक दिव्यांग अखिलेश जाटव को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल एवं हेलमेट का निशुल्क वितरण किया गया। ट्राई साइकिल मिलने से दिव्यांग अखिलेश जाटव बेहद खुशी नजर आया। क्योंकि दिव्यांग होने के कारण यह चलने में लगभग असमर्थ था। अब वह बिना किसी सहारे के एक स्थान से दूसरे स्थान पर जा सकते हैं तथा यह अपना छोटा-मोटा व्यवसाय भी कर सकते हैं ।

# निगम परिषद की बैठक 26 जून 2025 तक स्थगित



**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद में साधारण सम्मेलन का आयोजन सभापति श्री मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में निगम परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। बैठक के प्रारंभ में अहमदाबाद में हुई हृदयविदारक विमान दुर्घटना में हुई जनहानि एवं श्री केदारनाथ पर हेलीकॉप्टर क्रैश दुर्घटना में हुई जनहानि एवं विगत दिनों बहोडापुर क्षेत्र दुर्घटना में पत्रकार श्री गजेन्द्र इगले के बड़े भ्राता श्री महेन्द्र इंगले सहित तीन अन्य लोगों का आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव रखा गया तथा शोक प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत दिवंगत आत्माओं की शंति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर बैठक 26 जून 2025 दोपहर 3 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

# स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत जानने प्रभारी मंत्री पहुँचे हजार बिस्तर अस्पताल

## मरीजों से हुए रूबरू, चिकित्सकों से स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में की विस्तार से चर्चा



**ग्वालियर।** स्वास्थ्य सुविधाओं की जमीनी हकीकत जानने प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं ग्वालियर जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सोमवार को अचानक हजार बिस्तर अस्पताल पहुँचे और स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने चिकित्सकों को कहा है कि अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर उपचार मिले। इसके साथ ही उनके साथ आने वाले परिजनों को भी किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट सोमवार को ग्वालियर भ्रमण के दौरान हजार बिस्तर अस्पताल पहुँचे। अस्पाल में उपचार कराने आए मरीजों से उन्होंने चर्चा की तथा सहानुभूति पूर्वक उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने की बात भी कही। उन्होंने मरीजों से चर्चा करते हुए उनकी बीमारी के संबंध में पूछताछ की और चिकित्सकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने भ्रमण के दौरान पंजीयन काउण्टरों का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए हैं कि अस्पताल में उपचार के लिये आने वाले मरीजों एवं उनके अभिभावकों को पंजीयन में परेशानी न हो ऐसी व्यवस्थायें बनाई जाएं। प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने हजार बिस्तर अस्पताल में कार्यरत चिकित्सकगणों से भी विस्तार से चर्चा की। अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ग्वालियर के हजार बिस्तर अस्पताल में न केवल ग्वालियर के बल्कि ग्वालियर-चंबल संभाग के साथ-साथ राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश के मरीज भी उपचार हेतु आते हैं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिलें, इसके साथ ही मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को भी किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। प्रभारी मंत्री ने अस्पताल भ्रमण के दौरान विभिन्न वार्डों में पहुँचकर मरीजों से भी उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीन मेडीकल कॉलेज डॉ. आर के एस धाकड़, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया, श्री कमल माखीजानी सहित जनप्रतिनिधि और अस्पताल के चिकित्सकगण उपस्थित थे।

**प्रभारी मंत्री ने व्हीलचेयर से मरीज को पहुंचाया वार्ड तक**

प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने अस्पताल भ्रमण के दौरान उपचार के लिये आए एक मरीज से चर्चा कर उसका हालचाल जाना। मरीज को चलने-फिरने में परेशानी होने के कारण व्हीलचेयर पर ही प्रभारी मंत्री ने उसे स्वयं लेजाकर संबंधित वार्ड में चिकित्सकों के पास पहुँचाया और चिकित्सकों से बेहतर उपचार के संबंध में चर्चा की।

# सीआरपीएफ में दीक्षांत समारोह एवं शपथ ग्रहण परेड का हुआ आयोजन



**ग्वालियर।** केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ग्वालियर में 339 नव नियुक्त सिपाही, ट्रेड्समैन द्वारा 16 सप्ताह के बुनियादी प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण परेड का अयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल श्री गुरशक्ति सिंह सोढ़ी रहे। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। सहायक कमाण्डेंट श्री सरबजीत सिंह तलवार ने इस भव्य तथा शानदार परेड को कमान किया। उपस्थित समस्त अतिथिगण, परिवार-जन एवं बच्चों ने तालियां बजाकर परेड का अभिवादन किया। दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण परेड में कुल 06 कन्टीनजेंट शामिल थे, जिसका जोश और टर्न आउट उच्च दर्जे का देखने को मिला। कमाण्डेन्ट / मुख्य प्रशिक्षण अधिकारी केन्द्रीय प्रशिक्षण महाविद्यालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल श्री बी.ए.के. चौरसिया ने 339 नव नियुक्त सिपाही, ट्रेड्समैन कार्मिकों को सच्चे मन से देश सेवा में समर्पण हेतु शपथ दिलाई। शपथ लेकर नव नियुक्त सिपाही, ट्रेड्समैन ने स्वयं को सच्चे समर्पण से देश सेवा में समर्पित करने का प्रण लिया। परेड के पश्चात मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को ट्रॉफी प्रदान कर उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में देश सेवा में समर्पित होने जा रहे नव नियुक्त सिपाही, ट्रेड्समैन कार्मिकों को अपनी शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र ग्वालियर श्री राज कुमार निगम, उप महानिरीक्षक (चिकित्सा) ग्रुप केन्द्र कुमुद दिवगैयाँ, कमाण्डेन्ट ग्रुप केन्द्र ग्वालियर डॉ. श्री प्रेम चन्द्र गुप्ता, क्षेत्र के अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण, नव नियुक्त सिपाही, ट्रेड्समैन कार्मिकों के परिवारजन एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्वालियर के अधिकारीगण, अधिनस्थ अधिकारीगण एवं अन्य बैंक कार्मिक इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

# समाज और राष्ट्र की प्रगति में अहम भूमिका निभाती है शिक्षा : दीपक पाण्डेय



**ग्वालियर।** शिक्षा का हमारे जीवन में अत्यधिक महत्व है। शिक्षा न केवल व्यक्ति के मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ाती है बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति में अहम भूमिका निभाती है। यह बात स्कूल शिक्षा मप्र के संयुक्त निदेशक दीपक पाण्डेय ने कही। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह माध्यम है, जिससे व्यक्ति ज्ञान, मूल्य और कौशल प्राप्त करता है, जो हर इंसान को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाता है। श्री पाण्डेय आज आईकॉम सेंटर पर आयोजित सम्मान कार्यक्रम में बोल रहे थे। बता दें, श्री पाण्डेय का भोपाल स्थानांतरण हो गया है। उनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहर के विशिष्टजनों ने उन्हें श्रीफल व शॉल से सम्मानित किया। डॉ. केशव पाण्डेय ने दीपक पाण्डेय के संयुक्त निदेशक के पद पर रहते ग्वालियर के लिए उनके द्वारा दिए गए उल्लेखनीय योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दीपक पाण्डेय ने बहुत कम उम्र में बहुत सारी उपलब्धियां अर्जित कर लीं। अब वे नई जिम्मेदारियों को लेकर भोपाल पहुंचे हैं। वे संभाग से आगे बढ़कर पूरे प्रदेश को अपना अनुभव व कौशल प्रदान कर शिक्षा के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेंगे। इस अवसर पर एमडी पाराशर, पुरुषेत्तम पाण्डेय, अरविंद जैमिनी, राजेंद्र मुदगल, सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महेश मुदगल ने किया व अंत मे सुरेन्द्र पाल सिंह कुशवाह द्वारा उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त किया गया।

# शराब तस्कर गिरफ्तार

**मुरैना,कांस।** स्टेशन रोड थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करते हुए एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शराब जप्त की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि मुडियाखेडा नरूआ के पास शराब तस्कर बबलू पुत्र सुरेश राठौर अवैध शराब लेकर जा रहा है, इस सूचना पर से पुलिस ने दविश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 30 क्वाटर देशी मदिरा मशाला कीमत 3 हजार रूपये के जप्त कर आरोपी के खिलाफआवकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया है।

# पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में एक कदम - श्री मोहन नागर

## जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री नागर ने किया पौधारोपण, चित्रकूट विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं का किया निरीक्षण

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर (केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) ने सोमवार को विकासखंड मुरार में चित्रकूट विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही परीक्षाओं का निरीक्षण किया एवं इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय मुरार में ÷एक पेड़ मां के नाम÷ के तहत पौधारोपण किया। उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने कहा कि पौधारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण देने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। आइए हम सब मिलकर प्रकृति के रक्षक बनें और इस धरती को फिर से हरा-भरा बनाएं। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक सुशील बरुआ, जिला समन्वय धर्मेंद्र दीक्षित, विद्यालय के प्राचार्य प्रबुद्ध गर्ग, ब्लॉक समन्वय श्रीमती प्रीति बाजपेयी, नवांकुर संस्था रमन शिक्षा समिति के अध्यक्ष समाजसेवी हरिओम गौतम, सौरभ उपाध्याय, दीपक शर्मा, राजकुमार प्रजापति, रामगोपाल बघेल, श्रीमती मंजू राठौर, शैलेंद्र चौधरी, विशेष रूप से उपस्थित थे।



# 25 साल पुराना रास्ता बंद होने से हाहाकार, लोग पहुंचे कलेक्ट्रेट

**मुरैना,कांस।** शहर के दुर्गादास पार्क के पास नई सड़क के मामले में 25 साल पुराना रास्ता बंद किए जाने से परेशान लोग आज बच्चों और महिलाओं सहित कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर मुरैना के नाम एक ज्ञापन सौंपकर अपनी व्यथा सुनाई और पूछा कि अब हम कहां जाएं टंच रोड, गंदी पोखर, राधाचरण का कुआं के निवासियों ने आरोप लगाया कि जब उन्हें प्लॉट बेचे गए थे, तब रास्ते का वादा किया गया था। अब रास्ता बंद होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन विवाद की स्थिति बन रही है, जिसमें ÷मां-बहन की गालियां÷ सुनने को मिल रही हैं। मोहल्ले वालों ने प्लाटिंग मालिक राधाचरण यादव पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी मनमानी के कारण ही यह समस्या उत्पन्न हुई है। ज्ञापन देने वालों में लवकुश राठौर, पान सिंह, रमेश, आमीन, अब्दुल रज्जाक, भरत, नितेश, राकेश, आरिफ खान, इकबाल खान, सुनील, सुरेश जोशी, जगराम सिंह, सेवाराम सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल थे। लोगों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि उनके 25 साल पुराने रास्ते को तुरंत खुलवाया जाए ताकि उन्हें रोजमर्रा की परेशानियों से मुक्ति मिल सके।



# एमपीएल टी-20 फायनल मैच के दिन पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था हो : प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

## वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं एमपीसीए के अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश, उन्हीं दर्शकों को स्टेडियम में मिलेगा प्रवेश जिन पर टिकिट या प्रवेश पास होंगे



**ग्वालियर।** शहर में शंकरपुर स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में खेली जा रही एमपीएल (मध्यप्रदेश लीग) टी-20 के अंतर्गत महिला व पुरुष टीमों के फायनल मैच के दौरान वाहन पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था करें। व्यवस्था ऐसी हो, जिससे मैच देखने के लिये आने वाले दर्शकों को स्टेडियम की दर्शक दीर्घा में पहुँचने के लिये अपने वाहन पार्क करने के बाद ज्यादा दूरी तय न करनी पड़े। इस आशय के निर्देश जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों एवं एमपीसीए व जीडीसीए के अधिकारियों की संयुक्त बैठक में दिए। बैठक में स्पष्ट किया गया कि फायनल मैच के दिन उन्हीं दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश दिया जायेगा, जिनके पास टिकिट अथवा एमपीसीए द्वारा जारी प्रवेश पास होंगे। महिला व पुरुष टीमों के फायनल मैच के लिए कॉमन टिकिट जारी किए गए हैं। स्टेडियम के गेट पर इसकी बारीकी से जाँच की जायेगी। एमपीएल के महिला व पुरुष टीमों के फायनल मैच 24 जून को खेले जायेंगे। सोमवार को क्रिकेट स्टेडियम के सभाकक्ष में आयोजित हुई बैठक में संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री, पुलिस महानिरीक्षक श्री अरविंद सक्सेना, पुलिस उप महानिरीक्षक श्री अमित सांघी, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, जीडीसीए के अध्यक्ष श्री प्रशांत मेहता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह, एसडीएम ग्वालियर सिटी श्री अशोक चौहान व अपर आयुक्त नगर निगम श्री मुनीष सिकरवार तथा श्री रवि पाटनकर व श्री संजय आहूजा सहित एमपीसीए व जीडीसीए के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि फायनल मैच के दिन पर्याप्त पार्किंग बनाएं, जिससे मैच शुरू होने से पहले और मैच समाप्त होने के बाद स्टेडियम के बाहर की सड़कों पर जाम व अव्यवस्था की स्थिति न बने। उन्होंने फ्लड लाइट सुचारू रखने के लिये बिजली की वैकल्पिक व्यवस्था करने पर भी बल दिया। साथ ही नगर निगम आयुक्त से कहा कि बरसात के मौसम को ध्यान में रखकर दिन में कम से कम तीन बार फॉगिंग अवश्य कराएं, जिससे कीट-पतंगों की वजह से दर्शकों व खिलाड़ियों को परेशानी न हो। श्री सिलावट ने एमपीसीए के अधिकारियों से भी व्यवस्था बनाने में पूर्ण सहयोग देने के लिये कहा। बैठक में मौजूद संभाग आयुक्त, आईजी, डीआईजी, कलेक्टर व एसएसपी ने प्रभारी मंत्री श्री सिलावट को भरोसा दिलाया कि एमपीएल के फायनल मैच के दौरान स्टेडियम के बाहर दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखकर पार्किंग सहित सभी व्यवस्थायें पुख्ता ढंग से अंजाम दी जायेंगीं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर प्रभारी मंत्री एवं जनप्रतिनिधियों ने अर्पित की पुष्पांजलि

**ग्वालियर।** जन संघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर फूलबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सोमवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर फूलबाग स्थित मुखर्जी प्रतिमा पर पहुँचकर प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट सहित पूर्व मंत्री श्रीमती माया सिंह, श्री ध्यानेन्द्र सिंह, पूर्व सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर, निगम सभापति श्री मनोज तोमर, पूर्व विधायक श्री रमेश अग्रवाल, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया सहित जिले के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।



# संपादकीय

## रैंकिंग में पश्चिम बंगाल पिछड़ा

भारत के बड़े राज्यों के लिए जारी वर्ष 2025 की नई रैंकिंग में महाराष्ट्र का पहले स्थान और पश्चिम बंगाल का 13वें स्थान पर रहना बहुत अखरने वाली बात नहीं है। चिंता की बात यह है कि पश्चिम बंगाल में अगले वर्ष विधानसभा चुनाव हैं। रैंकिंग में पिछड़ना राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी की छवि खराब कर सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केअरएज के अनुसार बड़े राज्यों में महाराष्ट्र शीर्ष पर रहा जबकि गुजरात को दूसरा, कर्नाटक को तीसरा, तेलंगाना को चौथा और तमिलनाडु को पांचवां स्थान मिला। एजेंसी रैंकिंग का निर्धारण सात प्रमुखबिंदुओं के आधार पर करती है। इनमें आर्थिक, राजकोषीय, बुनियादी ढांचा, वित्तीय विकास, सामाजिक, शासन और पर्यावरण के पहलुओं पर राज्यों के कामकाज को परखा जाता है। केअरएज के अनुसार राज्यों की समग्र रैंकिंग में महाराष्ट्र 56.5 अंकों के समग्र सूचकांक के साथ शीर्ष पर रहा, जबकि पश्चिम बंगाल कुल 17 बड़े राज्यों में 38.9 अंक के साथ 13वें स्थान पर रहा। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिहार 34.8 के समग्र सूचकांक के साथ 17वें स्थान पर रहा जो झारखंड और मध्य प्रदेश से थोड़ा पीछे है। रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिणी राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु ने आर्थिक, वित्तीय विकास, पर्यावरण और शासन मापदंडों पर अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं छोटे, पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्यों से गोवा वित्तीय विकास, बुनियादी ढांचे, सामाजिक, आर्थिक एवं राजकोषीय मापदंडों में अच्छे अंक के साथ सबसे आगे रहा। बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर पश्चिम बंगाल बड़े राज्यों की श्रेणी में आठवें स्थान पर रहा जबकि पंजाब शीर्ष पर और उसके बाद हरियाणा और तेलंगाना रहे। यह रैंकिंग राज्यों के स्तर पर कुछ राज्यों को आगे दिखाती है तो कई सवाल खड़े भी करती है। इसमें गोवा जैसे छोटे, पहाड़ी और पूर्वोत्तर के राज्यों तक का जिक्र है लेकिन बड़े राज्यों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड और दिल्ली, उड़ीसा, छत्तीसगढ़,और आंध्र प्रदेश व केरल का कोई खास जिक्र नहीं है। क्या इन राज्यों में महत्त्व के काम नहीं हो रहे। क्या कारण है कि इन सभी राज्यों के काम रेटिंग एजेंसियों की नजर में नहीं आ पा रहा। हाल के वर्षो में रेटिंग एजेंसियों और सर्वे एजेंसियों की बाढ़ सी आ गई है। पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों को जबरदस्त कार्य करके दिखाने की जरूरत है।

## युद्धाक्रांत समय के साये में पूरी दुनिया

डॉ. एस.डी. वैष्णव

ईरान और इजरायल के बीच सीधे तौर पर युद्ध की शुरुआत हो चुकी है। दोनों ओर से एक-दूसरे पर बम बरसाए जा रहे हैं और हालात दिन-प्रतिदिन बदतर हो रहे हैं।

चूंकि इजरायल के साथ अमेरिका भी है तो जाहिरैहै, ईरान के लिए मौजूदा वक्त काफी चुनौतीपूर्ण है। ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को लेकर अमेरिका और इजरायल लगातार ईरान को चेतावनी दे रहे थे। पिछले वर्ष तेहरान पर अपने बम वषर्क विमानों से हमला करके इजरायल ने वहां हड़कंप मचा दिया था। ऑपरेशन 'नेशन ऑफ लायंस' के तहत एक बार फिर इजरायल ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल साइट्स पर बारूद बरसाकर अपने मंसूबे साफ कर दिए हैं। इस बार तेहरान पर हुए हमले में इजरायल ने ईरान के आर्मी चीफ जनरल मोहम्मद बाघेरी और ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड क्रॉप्स के कमांडर-इन-चीफ हुसैन सलामी के साथ परमाणु वैज्ञानिक डॉ. फ़रेदून अब्बासी-दावानी और डॉ. तेहरांची के मारे जाने की पुष्टि की है। इजरायल हमेशा सुनियोजित और पूरी तैयारी के साथ हमले करता है, जिसमें मोसाद की अहम भूमिका रहती है, यह उसी का परिणाम है।

ईरान पर किए गए हमले के बाद ईरान की जवाबी करवाई की आशंका के चलते इजरायल में इमरजेंसी घोषित की गई है। ईरान के लिए यह हमला निश्चित रूप से बड़ी क्षति है। और उसने इजरायल पर जवाबी कार्रवाई शुरू भी कर दी है। ईरान के साथ इराक ने भी अपना एयर स्पेस बंद कर दिया है। उधर इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल कैट्स ने कहा है कि हम ईरान के हर हमले का मुंहतोड़ जवाब देंगे। इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से जो जुबानी जंग चल रही थी; वह अब बारूदी जंग में बदल गई है। ईरान के इतने महत्त्वपूर्ण लोगों का एक साथ हमले में मारा जाना ईरान के सुरक्षा और खुफिया तंत्र पर सवाल खड़े करता है। इजरायल के लिए निश्चित रूप से यह एक रणनीतिक जीत कही जाएगी। ईरानी सेना प्रमुख जनरल मोहम्मद बाघेरी को ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) के साथ रणनीतिक और परमाणु नीति निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाते देखा जाता रहा है। ईरान के इतने बड़े और महत्त्वपूर्ण पद पर बैठे अधिकारी के मारे जाने से मध्य-पूर्व में युद्ध की आग निश्चित रूप से और बढ़ेगी। हालांकि अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु संवर्धन संधि को लेकर अलग-अलग देश में बैठकें जारी थीं और यह बातचीत किसी निर्णय पर नहीं पहुंच पा रही थी।

अमेरिका इजरायल को ईरान के परमाणु साइट्स पर हमले न करने के लिए लगातार रोक रहा था। हमले के बाद अमेरिका ने कहा है कि इस हमले में उनका कोई हाथ नहीं है, लेकिन ईरान इस हमले को अमेरिका की ओर से उकसावे की रणनीति मानता है। आज जिस युद्धाक्रांत समय के साये में हम जी रहे हैं, वहां से सिर्फ भय और टकराहट की लपटें उठती नजर आती है। उधर रूस-यूक्रेन युद्ध का अंत होता दिख नहीं रहा है। गाजा पट्टी, लेबनान और सीरिया पर इजरायली बारूद लगातार बरस रहा है। मेरे जेहन में इजरायल का अरब देशों के साथ हुआ 6 दिन का संघर्ष जिसमें इजरायल की जीत हुई थी और इजरायल द्वारा अपने अपहृत नागरिकों को वापस लाने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन थंडरबोल्ट' की याद ताजा है। इजरायल अपने विरोधियों के खिलाफ हर मोर्चे पर आक्रामक रुख अख्तियार करता रहा है। इस बार मध्य-पूर्व में यदि युद्ध विस्तारित हुआ, तो वैश्विक महाशक्तियां इस जंग में अपने कदम अवश्य रखेगी। आईडीएफ, मोसाद और अमेरिकी बैकअप इजरायल की ताकत है, इसलिए मध्य-पूर्व में इजरायल किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेगा।

बहरहाल, विचलित करने वाला यह समय हमें भीतर तक झकझोरता है। वैश्विक शांति के लिए महाशक्तियों को अपनी साम्राज्य विस्तार की नीतियों पर भी लगाम लगानी होंगी। जय-पराजय का यह समर किस मोड़ पर जाकर रुकेगा, अभी कहा नहीं जा सकता, लेकिन दो महायुद्धों के बीच जन्मी जयशंकर प्रसाद की कामायनी का यह छंद मनुष्यता के पक्ष में खड़ा नजर आता है- 'दुख की पिछली रजनी बीच, विकसता सुख का नवल प्रभात' इस बात का यकीन दिलाता है कि दुख की पिछली रजनी को लांघकर, कभी-न-कभी सुख का नवल प्रभात अवश्य खिलेगा और उसदिन सारा विश्व समरसता की गूंज से भर उठेगा।

## शब्द सामर्थ्य -088

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंतत:, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 087 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## विस्फोट करती अबला चिड़ियाएं

(सुधाकर आशावादी -विनायक फीचर्स)



कभी किसी ने कोई कविता लिखी थी, कि चिड़िया बम नहीं बनाएगी, मुझे वह चिंतन कभी नहीं भाया, तर्क हो या कुतर्क मैंने प्रतिप्रश्न किया कि क्यों नहीं बनाएगी चिड़िया बम ? फिर चिड़िया को बम बनाने की आवश्यकता क्यों पड़ेगी, जैसे प्रश्न पर मंथन किया तथा प्रत्युत्तर में कविता लिखी गई, कि चिड़िया बम भी बनाएगी और विस्फोट भी करेगी। समाज में असहिष्णुता इतनी बढ़ गई है, कि क्रोध, आक्रोश सातवें आसमान पर रहता है। तनिक सा कोई बात बुरी लगी नहीं, कि आक्रोश की अभिव्यक्ति करने में संकोच नहीं किया जाता। नाजुक कलाई कब किसी पर रिवाल्वर तान कर खुद को वीरांगना सिद्ध कर दे, इसका पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता। यूँ तो इतिहास में अनेक वीरांगनाओं के क़िस्से नारी की शौर्य गाथा सुनाते रहे हैं। वीर माता जीजा बाई की शौर्य गाथा से लेकर देशभक्त पन्ना धाय की बलिदानी कथा तक व स्वतंत्रता संग्राम में महारानी लक्ष्मीबाई के अंग्रेजों से युद्ध करने की कहानी से लेकर शहीद भगत सिंह की दुर्गा भाभी के स्वतंत्रता संग्राम में दिए योगदान तक अनेक अध्याय देश में नारियों के सबला होने के प्रमाण प्रस्तुत करते रहे हैं ।भले ही मध्ययुगीन व्यवस्था में नारी को अबला मानकर प्रताड़ित करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी जाती रही हो तथा पुरुष प्रधान समाज की बर्बरता को दृष्टिगत करते हुए कवि मैथिलि शरण गुप्त यह लिखने के लिए विवश हो गए हों, कि - ÷अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी आँचल में है दूध और आँखों में पानी।÷ उस समय शायद यह पता नहीं था, कि युग से साथ अबला भी सबला बनकर अपने उत्पीड़न का गिन गिन कर हिसाब लेगी। वह अपनी शौर्य गाथा लिखकर यह सिद्ध करेगी कि वह अबला नहीं चिंगारी है, जिसे छूने की गलती करने से भस्म होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। समाज में आजकल समाज को पुरुष प्रधान कहना नारियों का अपमान है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में सीएनजी पेट्रोल पंप पर ऐसी ही एक वीरांगना की शौर्यगाथा प्रकाश में आई है, जिसमें वीरांगना ने पेट्रोल पंप के कर्मचारी पर इसलिए रिवाल्वर तान दिया, क्योंकि कर्मचारी ने सुरक्षात्मक दृष्टि से गैस रिफिल करने से पहले उनसे अनुरोध किया था कि वे सपरिवार कार से बाहर आ जाएं। यह नारी की शौर्यगाथा व दबंगई का एक अकेला किस्सा नहीं है। डिजिटल युग में कैमरे की नजरों में यदा कदा ऐसी घटनाएं कैद हो ही जाती हैं। जो समाज में आ रहे परिवर्तन का बोध कराती हैं। बरसों पहले वीरांगनाओं की शौर्य गाथाएं अधिक प्रचलन में थी। ऐसी दबंगई को सम्मानित दृष्टि से देखा जाता है। दो दशक पहले एक वीरांगना में अपने विवाह स्थल पर जयमाला के समय दूल्हे पर दहेज़ का लालची होने का आरोप लगाते हुए बेइज्जत किया था। दूल्हे को जेल की हवा खिलवाई थी, उसका करियर चौपट करके समूचे देश में उसे बदनाम किया था तथा स्वयं का देश भर में सार्वजनिक अभिनंदन कराया था। बाद में उस वीरांगना की सच्ची कहानी जब सबके सामने आई तो सभी ने अपने दांतों तले ऊँगली दबाई, कि उसने किसी अन्य के प्रेम प्रसंग में किसी की भावनाओं से खिलवाड़ किया था। भले ही कुछ कहे, यह जागृति है।

## सू- दोकू क्र.088

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है, जिसमें 9 वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक रखते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.087 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन लाभ देने वाला है। इस राशि के लोगों को आज धन की प्राप्ति हो सकती है। इस राशि वाली महिलाओं के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है। उन्हें अपने ननिहाल या मायके की तरफ से खुशखबरी मिल सकती हैं। आज आपके विचारों को ऑफिस में सीनियर्स की तरफ से पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। आज आप भविष्य के लिए कोई खास निर्णय ले सकते हैं। जो आगे चलकर कारगर साबित होगा। आज आपको मिलने वाले प्रेम और सम्मान अन्य दिन की अपेक्षा अधिक मिलेगा।

**वृषभ** — आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपका कोई मित्र या रिश्तेदार आपसे मिलने आपके घर आ सकता है। इस राशि के लोग उधार लेने और देने से बचें। आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति हो सकती है। आज आपका धार्मिक कार्यों में रुझान बढ़ सकता है। आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। आज जॉब सर्च करने वालों को किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ऑफर मिल सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। स्टूडेंस पढ़ाई के लिए विदेश भी जा सकते है।

**मिथुन** — आज का दिन लाभदायक रहने वाला है। आज आपके करीबी आपको अचानक से गिफ्ट देकर चकित कर सकते हैं। विवादों के मामलों में आज आपको सफलता हासिल होगी। आज आप शाम का समय अपने बच्चों के साथ व्यतीत कर सकते है। इस राशि के लोग आज बिजनेस में सोच-समझकर कर फैसला लें इससे आपको सफलता की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — आज का दिन मनोकामना पूरी करने वाला है। आज आपको अपने लोगों के बीच अपनी छवि बनाने का पूरा मौका मिलेगा। आज आपके दुश्मन आपसे दूर ही रहेंगे। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जा सकते है। आज नया इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीद सकते हैं। आज भाई आपसे पढ़ाई के विषय में जानकारी लेंगे। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा , घर में खुशी का माहौल रहेगा। आपका स्वास्थ्य आज रोज से बेहतर रहेगा।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लेकर आएगा। यह परिणाम व्यवसाय से जुड़ा हो सकता है। आज आपके जीवन में खुशियों की बौछार होगी। आज एक से अधिक स्रोतों से आपकी आय में बढ़ोतरी होगी। आपकी तरक्की से आज घरवालों को आप पर गर्व होगा। मन में नए-नए विचार उत्पन्न होंगे घर के सुख-सौभाग्य में बढ़ोतरी होगी। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा , आप पहले से बेहतर महसूस करेंगे।

**कन्या** — आज का का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। नए वाहन का सुख प्राप्त होगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा, घर पर सब लोग खुश रहेंगे। आज घर के कामों को करने के बाद हाउसवाईव्स फोन पर बातचीत करके अपना कुछ समय व्यतीत करेंगी। आज माता-पिता का सानिध्य व सहयोग मिलने से विद्यार्थी खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे।

**तुला** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आप जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद करेंगे। आपको शासन व सत्ता का पूरा लाभ मिलेगा और आपके प्रभाव व प्रताप में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। संतान की सफलता आपको प्रसन्न कर सकती है। इस राशि के लोगों के व्यापार में आज दो गुना वृद्धि हो सकती है। आप अगर घर में कुछ परिवर्तन संबंधी निर्णय लेना चाहते है तो आपके लिए अच्छा दिन है। परिवार का सहयोग बना रहेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज आपकी कोई कार्य योजना सफल होगी। आज संतान की तरक्की से आपको बेहद ख़ुशी होगी। आपकी शादी की चल रही बात आज फाइनल हो जाएगी। वेब डिजाइनिंग के लोग जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं , अच्छी कम्पनी में जॉब मिल सकती है। परिवार का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। छात्र छात्राओं को अपने काम को कल पर नहीं टालना चाहिए, आपको जब भी खाली समय मिले अपने काम को पूरा कर ले। कुछ नए विषयों में आपकी रुचि बढ़ेगी , जिसमें गुरुजनों का साथ मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको आय के साधन मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमाने में कामयाब रहेंगे। आर्थिक स्थिति आपकी बेहतर रहेगी। आज आप काम के बाद कुछ समय लवमेट के साथ बिताएंगे , आपको अच्छा लगेगा।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहेगा। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी धार्मिक स्थल पर अपना खाली समय बिताएंगे। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। अगर आपको लगता है कि आप दुनिया की भीड़ में कहीं खो गए हैं, तो अपने लिए वक्त निकाले और अपने व्यक्तित्व का आकलन करें। पुराने मित्रों का सहयोग मिलेगा, साथ ही कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपकी पुरानी यादें ताजा होंगी।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आपके आय के नए स्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार भी साबित होगा। आज कुछ ऐसे विचार आ सकते हैं जो वाकई जबरदस्त और सृजनात्मक होंगे।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहने वाला है। जो लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं, वो व्यवसाय में कुछ बदलाव के लिए अपने पिताजी से बातचीत करेंगे। आज पड़ोस में हो रहे भजन, कीर्तन में परिवार के साथ सम्मिलित होंगे। आज आपकी वाणी में मधुरता का भाव रहेगा , जिससे आपके रिश्ते में सौहार्द बना रहेगा। राजनीति में सफलता प्राप्त होगी, सभा को संबोधित करने का मौका मिलेगा।

# क्या फिर से उठेगी अलग ब्रज प्रदेश की मांग ?

(वेणुगोपाल शर्मा-विनायक फीचर्स)



बांके बिहारी कॉरिडोर को लेकर ब्रजवासियों का विरोध बढ़ता जा रहा है। बृजवासियों का आरोप है कि वर्तमान सरकार बांके बिहारी कॉरिडोर के नाम पर यहां की संस्कृति,परंपरा एवं प्राचीन धरोहर को मिटाने पर तुली हुई है। उनका कहना है कि ब्रज की प्राचीन धरोहरों को नष्ट किया जाना हमारे लिए पीड़ादायक है। ब्रज की मान ,मर्यादा और परंपराओं को जीवंत रखने के लिए हम स्वयं अपनी बृज सरकार बनाने पर विचार कर रहे हैं। ब्रजवासियों के बढ़ते विरोध और ब्रज क्षेत्र की उपेक्षा से नाराज लोग पृथक ब्रज प्रदेश बनाए जाने की मांग करने लगे हैं। भारत में राज्यों का गठन मुख्य रूप से भाषाई और सांस्कृतिक एकरूपता के आधार पर किया गया है। 1956 में राज्य पुनर्गठन अधिनियम के माध्यम से, भारत को 14 राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता और क्षेत्रीय पहचान को बढ़ावा देना था द्य भाषाई और सांस्कृतिक आधार पर राज्यों का पुनर्गठन एक महत्वपूर्ण सुधार था जो देश की स्वतंत्रता के बाद हुआ। इसे 1956 के राज्य पुनर्गठन अधिनियम द्वारा चिह्नित किया गया था, जो भाषाई आधार पर राज्य की सीमाओं के एक बड़े सुधार की प्रतिक्रिया थी। यह अधिनियम भाषाई प्रांत आयोग (धर आयोग) के बाद आया, जिसने पहले राज्यों को विभाजित करने के आधार के रूप में भाषा को अस्वीकार कर दिया था। हालाँकि, जनता की माँगों पर , विशेष रूप से दक्षिण भारत में 1953 में राज्य पुनर्गठन आयोग की नियुक्ति की गई। 31 अगस्त 1956 को इस अधिनियम ने आंध्र प्रदेश, बॉम्बे, केरल और अन्य जैसे नए राज्यों का निर्माण किया। भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद बेहतर शासन और प्रशासनिक ढांचे की आवश्यकता थी। राज्यों के गठन में वित्तीय, आर्थिक और भाषाई पहलुओं को ध्यान में रखा गया। 1956 का राज्य पुनर्गठन अधिनियम भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण था, लेकिन इसने पुनर्गठन प्रक्रिया के अंत का संकेत नहीं दिया। बाद में, क्षेत्रीय पहचान और प्रशासनिक आवश्यकताओं को समायोजित करने के लिए कई नए राज्य और केंद्र शासित प्रदेश स्थापित किए गए। तेलंगाना राज्य के गठन के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश को ब्रज प्रदेश घोषित करने की मांग ने जोर पकड़ा था। ब्रज प्रदेश समर्थकों का कहना था कि समान संस्कृति वाले आगरा एवं अलीगढ़ मंडल के जिलों के अलावा भरतपुर संभाग तथा ग्वालियर संभाग के चार-चार जिलों को इसमें शामिल किया जाना चाहिए। इससे क्षेत्र का बहुमुखी विकास होगा क्योंकि उत्तर प्रदेश इतना बड़ा है कि सभी जगह समान रूप से विकास कार्य हो पाना संभव नहीं है। वैसे भी पूर्व में मायावती सरकार ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश बनाए जाने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा था।

ब्रज डेवलपमेंट कौंसिल के तत्कालीन अध्यक्ष डा. केएस राणा का कहना था कि ब्रज प्रदेश में आगरा मंडल के आगरा, मथुरा, फीरोजाबाद, अलीगढ़ मंडल के हाथरस, अलीगढ़, एटा व कासगंज, भरतपुर संभाग के भरतपुर, धौलपुर, करौली व अलवर तथा ग्वालियर संभाग के भिंड, मुरैना व ग्वालियर को शामिल किया जाए। कौंसिल ने बैठक बुलाकर इस मुद्दे को और व्यापक स्वरूप देने के लिए आंदोलन करने जोर दिया। कौंसिल के तत्कालीन महासचिव अशोक चौबे एडवोकेट और दुर्गविजय सिंह भैया ने ब्रज प्रदेश का पुरजोर समर्थन किया। उनका कहना था कि यह समय की मांग है कि छोटे राज्यों का गठन हो। अलग ब्रज प्रदेश की मांग 1969 में भरतपुर की रॉयल असेंबली में भी उठी।



छत्तीसगढ़, झारखंड आदि कुछ क्षेत्रों ने महसूस किया कि आर्थिक विकास के लिए अलग राज्य का दर्जा आवश्यक है क्योंकि मौजूदा राज्य सरकार क्षेत्र की विकास आवश्यकताओं को पर्याप्त रूप से पूरा करने में असमर्थ थी। उत्तराखंड जैसे राज्यों को बेहतर प्रशासनिक व्यवहार्यता और शासन सुनिश्चित करने के लिए बड़े राज्यों (इस मामले में उत्तर प्रदेश) से अलग किया गया। जम्मू और कश्मीर का मामला एक प्रमुख उदाहरण है जहां सुरक्षा मुद्दों ने राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों - जम्मू और कश्मीर, और लद्दाख में पुनर्गठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

भारत सरकार ने राज्य पुनर्गठन के प्रश्न का अध्ययन करने और उसके लिए सिफारिशें देने के लिए कई आयोग और समितियाँ गठित की हैं। जून 1948 में धर आयोग का गठन किया गया ,जिसके एसके धर, जेएन लाल, और पन्ना लाल सदस्य थे। आयोग ने क्षेत्र में विविध जातीय और भाषाई समूहों को समायोजित करने के लिए दो नए प्रांतों असम और नेफा की स्थापना का प्रस्ताव रखा । इसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों की विशिष्ट आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करना था। जेवीपी समिति का गठन दिसंबर 1948 में हुआ ,जिसके जवाहरलाल नेहरू, वल्लभभाई पटेल, और कांग्रेस अध्यक्ष पट्टाभि सीतारमैया सदस्य थे। राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन 1953 में हुआ ,जिसके न्यायमूर्ति फज़ल अली, सरदार केएम पणिक्कर, और हृदय नाथ कुंजरू सदस्य थे। आयोग ने राज्य पुनर्गठन के आधार के रूप में भाषा को स्वीकार किया। राज्य पुनर्गठन के लिए राष्ट्र की एकता और सुरक्षा,भाषाई और सांस्कृतिक एकरूपता,वित्तीय,आर्थिक और प्रशासनिक विचार आदि कारकों के आधार पर 16 राज्यों और 3 केन्द्र प्रशासित प्रदेशों की स्थापना की वकालत की । इन सिफारिशों के आधार पर राज्य पुनर्गठन अधिनियम 1956 पारित किया गया, जिससे 14 केंद्र शासित राज्य और 6 केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए । एसआरसी 1956 और उसके बाद के अधिनियम ने भारत में राज्य संगठनों के लिए मार्ग प्रशस्त किया। वर्तमान में विभिन्न क्षेत्र अलग राज्य या पुनर्गठन की मांग जारी रखे हुए हैं द्य उत्तर प्रदेश को पूर्वांचल, पश्चिम प्रदेश, बुन्देलखण्ड और अवध प्रदेश जैसे छोटे राज्यों में विभाजित करने के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। पश्चिमी राजस्थान को मरु प्रदेश बनाने की मांग की गई द्य वर्तमान स्थिति को देखते हुए उत्तर प्रदेश ,राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के ब्रज भाषाई क्षेत्रों को मिला कर भाषाई एवं सांस्कृतिक एकरूपता के आधार पर ब्रज प्रदेश के गठन की मांग की जा रही है। अलग ब्रजप्रदेश की मांग करने वालों का कहना है कि आज भी ब्रज मंडल पूरी तरह से उपेक्षित है। ब्रज के हृदय स्थल मथुरा- वृन्दावन में बिज़ली की व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है जिसके चलते स्थानीय लोगों के अलावा मथुरा- वृन्दावन आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां के अधिकतर होटलों एवं यात्री निवास में एसी रूम में एसी ही नहीं चलता है, कारण बिजली की आपूर्ति सही ढंग से नहीं होती है। यही नहीं नगर निगम द्वारा नियमित रूप से नालियों की सफाई नहीं किए जाने के कारण मामूली बरसात होने पर सडकों पर पानी जमा हो जाता है जिसके चलते यातायात व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित हो जाती है। मथुरा रेल्वे स्टेशन एवं बस स्टैंड से यात्रियों को अपने गंतव्य स्थल पर पहुंचने पर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जल जमाव के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह से ठप्प ही हो जाती है।

इसके अलावा नियमित सफाई न होने के कारण बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। कई इलाकों में लोग पानी खरीद कर पी रहे हैं। इन्हीं कारणों से बृज वासियों में नाराजगी देखने को मिल रही है और वे अपने आप को उपेक्षित महसूस करने लगे हैं। और इसी कारण एक बार फिर से अलग ब्रज प्रदेश की मांग की सुगबुगाहटें तेज होने लगी हैं।

# सिल्क के कपड़ों को हाथ से धोना चाहते हैं? इन 5 बातों का रखें खास ध्यान



सिल्क के कपड़े अपने मुलायम और चमकदार गुणों के लिए जाने जाते हैं। हालांकि, इन्हें धोने के दौरान कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए ताकि कपड़े खराब न हों।

इस लेख में हम आपको सिल्क के कपड़ों को हाथ से धोने के सही तरीके बताएंगे, जिससे आपके कपड़े नए जैसे बने रहेंगे। सही तरीके से धोने पर सिल्क के कपड़े लंबे समय तक अच्छे दिखते हैं और आरामदायक महसूस होते हैं।

आइए जानते हैं कि सिल्क के कपड़े कैसे धोएं।

सही साबुन का चयन करें

सिल्क के कपड़ों के लिए हमेशा हल्के साबुन का उपयोग करें। बाजार में कई ऐसे साबुन उपलब्ध होते हैं, जो सिल्क के लिए विशेष रूप से बनाए जाते हैं।

इनमें ऐसे तत्व कम होते हैं जो नाजुक कपड़ों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। कभी भी सामान्य साबुन का उपयोग न करें क्योंकि इससे कपड़े फट सकते हैं या उनकी चमक खो सकती है।

हल्के साबुन से कपड़े साफ भी होते हैं और उनकी गुणवत्ता भी बनी रहती है।

ठंडे पानी का उपयोग करें

सिल्क के कपड़ों को धोने के लिए ठंडे पानी का उपयोग करें। गर्म पानी सिल्क के कपड़े को सिकोड़ सकता है या उनकी बनावट खराब कर सकता है।

ठंडा पानी नाजुक कपड़ों को सुरक्षित रखने में मदद करता है और उन्हें बेहतर तरीके से साफ करता है।

ध्यान रखें कि पानी बहुत तेज न हो, बल्कि धीरे-धीरे धोएं ताकि कपड़े की गुणवत्ता बनी रहे और वह नए जैसा दिखे।

हल्के हाथों से रगड़ें

जब आप सिल्क के कपड़े धो रहे हों तो उन्हें हल्के हाथों से रगड़ें। ज्यादा जोर लगाने से कपड़े फट सकते हैं या उनकी सिलाई निकल सकती है।

सबसे अच्छा तरीका है कि आप हाथों से धीरे-धीरे रगड़ें या हल्के साबुन के झागों से धोएं। इससे कपड़े की नाजुकता बनी रहती है और वह नए जैसा दिखता है।

इस प्रक्रिया में धैर्य रखें ताकि आपका सिल्क का कपड़ा लंबे समय तक अच्छे हालात में बना रहे।

धूप से बचाएं

सिल्क के कपड़ों को सुखाते समय उन्हें सीधी धूप में न रखें क्योंकि इससे रंग फीका पड़ सकता है या कपड़ा सिकुड़ सकता है।

सबसे अच्छा तरीका है कि आप उन्हें छायादार जगह पर फैलाकर सुखाएं ताकि हवा अच्छी तरह से चल सके और नमी निकल जाए।

इस तरह आपके सिल्क के कपड़े न केवल जल्दी सूखेंगे बल्कि उनकी गुणवत्ता भी बनी रहेगी। ध्यान रखें कि धूप सीधी न पड़े, बल्कि हल्की हवा से ही काम चलाएं।

अलग-अलग रंगों का ध्यान रखें

अगर आपके पास अलग-अलग रंगों के सिल्क के कपड़े हैं तो उन्हें अलग-अलग धोएं ताकि रंग मिलकर खराब न हों। हर रंग के लिए अलग बाल्टी या टब का उपयोग करें और ध्यान रखें कि गहरे रंगों वाले कपड़े हल्के रंगों वाले कपड़ों से अलग धुले। इस तरह आपके सभी सिल्क के कपड़े सुरक्षित रहेंगे और उनकी गुणवत्ता भी बनी रहेगी।

# चश्मे की सफाई के लिए अपनाएं ये 5 सरल और प्रभावी तरीके



चश्मा पहनने वालों को अक्सर चश्मे पर धब्बे और धुंध का सामना करना पड़ता है। ये धब्बे और धुंध न केवल देखने में परेशानी पैदा करते हैं, बल्कि आपके लुक को भी प्रभावित करते हैं।

इन समस्याओं से बचने के लिए सही तरीके से चश्मे की सफाई करना जरूरी है।

आइए आज हम आपको कुछ ऐसे सरल और प्रभावी तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने चश्मे को बिना किसी नुकसान के साफ रख सकते हैं।

साबुन और पानी का करें इस्तेमाल

चश्मे को साफ करने का सबसे आसान और सुरक्षित तरीका है साबुन और पानी का इस्तेमाल करना।

इसके लिए हल्के गर्म पानी में थोड़ा सा लिक्विड साबुन मिलाएं और फिर इस मिश्रण में अपने चश्मे को कुछ मिनट के लिए छोड़ दें।

इसके बाद चश्मे को साफ पानी से धो लें और मुलायम कपड़े से पोंछ लें। यह तरीका आपके चश्मे को साफ रखने के साथ-साथ उसे सुरक्षित भी रखता है।

माइक्रोफाइबर कपड़े का करें उपयोग

चश्मे की सफाई के लिए माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करना बहुत अच्छा होता है।

यह कपड़ा न केवल धूल-मिट्टी को आसानी से हटाता है, बल्कि आपके लेंस को भी खरोंचने से बचाता है।

जब भी आपको लगे कि आपके चश्मे पर धूल या धुंध है तो इसे हल्के हाथों से साफ करें। ध्यान रखें कि गंदे कपड़े का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे धूल-मिट्टी और अन्य कण चश्मे पर रह सकते हैं।

क्लिनिंग सॉल्यूशन का करें इस्तेमाल

बाजार में कई तरह के चश्मे साफ करने वाले क्लिनिंग सॉल्यूशन उपलब्ध होते हैं, जो आपके चश्मे को बेहतरीन तरीके से साफ कर सकते हैं।

इनमें ऐसे तत्व होते हैं, जो धब्बों और धुंध को आसानी से हटाते हैं। इनका उपयोग करने से आपके चश्मे की चमक बनी रहती है और वे लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं।

इन क्लिनिंग सॉल्यूशन का उपयोग करते समय निर्देशों का पालन करें ताकि आपके चश्मे को कोई नुकसान न पहुंचे।

हाथों की उंगलियों का करें उपयोग

अगर आपके पास चश्मे साफ करने के लिए कोई उपकरण नहीं है तो आप अपनी उंगलियों का भी उपयोग कर सकते हैं।

इसके लिए अपने हाथों को अच्छे से धो लें और फिर हल्के हाथों से अपने चश्मे को साफ करें।

यह तरीका बेहद सरल और प्रभावी है, जिससे आपके चश्मे न केवल साफ रहेंगे बल्कि उनकी फिटिंग भी सही रहेगी।

इस तरह आप बिना किसी उपकरण के अपने चश्मे को आसानी से साफ कर सकते हैं।

नियमित सफाई रखें ध्यान

अपने चश्मे की नियमित सफाई करना बहुत जरूरी है ताकि धूल-मिट्टी और धुंध जमा न हो सके।

हफ्ते में कम से कम एक बार अपने चश्मे को साबुन-पानी या विशेष द्रव से जरूर साफ करें।

इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने चश्मे को हमेशा साफ-सुथरा रख सकते हैं और उनकी फिटिंग भी सही बनी रहेगी।



## संक्षिप्त समाचार

### सेंसेक्स की छह कंपनियों का मार्केट कैप 1.62 लाख करोड़ बढ़ा

**मुंबई, (ए.)।** बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से छह का बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) सामूहिक रूप से 1,62,288.06 करोड़ रुपये बढ़ गया। सबसे अधिक लाभ में भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 54,055.96 करोड़ रुपये बढ़कर 11,04,469.29 करोड़ रुपये रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 50,070.14 करोड़ रुपये बढ़कर 19,82,033.60 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 38,503.91 करोड़ रुपये बढ़कर 15,07,281.79 करोड़ रुपये हो गया। वहीं इन्फोसिस ने सप्ताह के दौरान 8,433.06 करोड़ रुपये जोड़े और कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,73,751.09 करोड़ रुपये हो गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 8,012.13 करोड़ रुपये बढ़कर 10,18,387.76 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक की 3,212.86 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 7,10,399.75 करोड़ रुपये हो गई। इस रुख के ?विपरीत बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 17,876.42 करोड़ रुपये घटकर 5,62,175.67 करोड़ रुपये रह गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के मूल्यांकन में 4,613.06 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 12,42,577.89 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 3,336.42 करोड़ रुपये घटकर 5,41,557.29 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 1,106.88 करोड़ रुपये घटकर 5,92,272.78 करोड़ रुपये पर आ गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमश- एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, एलआईसी, बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड का स्थान रहा।

### भूकंप अलर्ट सिस्टम को स्मार्टवॉच पर लाने की तैयारी में गूगल

**नई दिल्ली, (ए.)।** गूगल कंपनी अब अपने भूकंप अलर्ट सिस्टम को स्मार्टवॉच पर लाने की तैयारी में है। इसी दिशा में गूगल एक नया कदम उठाने जा रहा है। पहले से एंड्राएड स्मार्टफोन में उपलब्ध यह फीचर अब वियर ओएस आधारित स्मार्टवॉच पर भी उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे यूजर्स को भूकंप की रियल-टाइम चेतावनी समय रहते मिल सकेगी। यह अलर्ट सिस्टम खासकर उन क्षेत्रों में उपयोगी होगा जहां भूकंप का खतरा ज्यादा होता है। समय पर चेतावनी मिलने से लोग सुरक्षित स्थान पर जा सकते हैं और जान-माल के नुकसान से बचा जा सकता है। हालांकि भारत में इस फीचर की उपलब्धता को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन उम्मीद है कि वियर ओएस डिवाइसेस के लिए जैसे ही अपडेट आएगा, इसका विस्तार भारत समेत अन्य देशों में भी किया जाएगा। अब यही तकनीक स्मार्टवॉच में भी उपयोग की जाएगी, जिससे उपयोगकर्ताओं को सीधे उनकी कलाई पर भूकंप की चेतावनी मिलेगी। यह सिस्टम केवल चेतावनी ही नहीं, बल्कि भूकंप के केंद्र यानी एपिकसेंटर की जानकारी भी साझा करता है।

हालांकि अलर्ट मिलने का समय कितना पहले होगा, इसकी जानकारी अभी गूगल ने नहीं दी है। यह फीचर वीयर ओएस को और भी ज्यादा उपयोगी और जीवनरक्षक बना सकता है। गूगल का यह सिस्टम पारंपरिक सेइस्मोमीटर की बजाय स्मार्टफोन में मौजूद मोशन सेंसर का इस्तेमाल करता है। जब एक ही इलाके में कई डिवाइस एक साथ कंपन महसूस करते हैं, तो ये डाटा गूगल सर्वर तक भेजा जाता है, जो पुष्टि होने पर तुरंत यूजर्स को अलर्ट भेजता है।

# इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने अपनी दूसरी पारी में गंवाए 2 विकेट, ऐसा रहा तीसरा दिन

**लीड्स,ए.।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट में भारतीय क्रिकेट टीम ने अपनी दूसरी पारी में तीसरे दिन की समाप्ति तक 90/2 का स्कोर बनाया है। इसके साथ ही भारतीय टीम की कुल बढ़त 96 रन की हो गई है। स्टंप्स की घोषणा तक क्रीज पर फिलहाल केएल राहुल (47) और शुभमन गिल (6) बने हुए हैं। आइए तीसरे दिन के खेल पर एक नजर डालते हैं।

कल के स्कोर 209/3 से आगे खेलने उतरी इंग्लिश टीम को तीसरे दिन ओली पोप के रूप में झटका लगा। कल को शतक बनाकर नाबाद रहने वाले पोप आज 106 रन के व्यक्तिगत स्कोर पर आउट हुए। इसके बाद कप्तान बेन स्टोक्स (20) भी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके। हालांकि, ब्रूक ने 99 रन बनाए और इंग्लैंड की पारी 465 रन पर सिमट गई। इंग्लिश टीम से जेमी स्मिथ ने भी 40 रन बनाए।

इंग्लैंड की पारी को ढेर करने में बुमराह का अहम योगदान रहा। बुमराह ने जैक क्रॉली (4) को आउट करते हुए अपने विकेटों का खाता खोला था। इसके बाद उन्होंने बेन डकेट (62) को अपना शिकार बनाया। भारतीय दिग्गज तेज गेंदबाज ने जो रूट (28), क्रिस वोक्स (38) और जोश टंग (11) को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 24.4 ओवर में 83 रन देते हुए ये 5 सफलताएं हासिल की। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट अपने नाम किए।



बुमराह अब सेना देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 60 पारियों में यह कारनामा किया है।

उन्होंने इस मामले में पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम को पीछे छोड़ा है, जिन्होंने 55 पारियों में 146 विकेट चटकाए थे। बुमराह का यह विदेशों में कुल 12वां 5 विकेट हॉल रहा। वह विदेशों में सर्वाधिक 5 विकेट हॉल (संयुक्त रूप से) वाले भारतीय गेंदबाज बने। उन्होंने इस मामले में कपिल देव की बराबरी की।

इंग्लैंड की पहली पारी के दौरान ऋषभ पंत ने 2 कैच लपके। इस बीच वह बतौर विकेटकीपर 150 कैच पकड़ने वाले तीसरे भारतीय बने। उनसे पहले महेंद्र सिंह धोनी (256) और सैयद किरमानी (160) ऐसा कर चुके थे।

दूसरी पारी में भारतीय टीम से पारी की शुरुआत करने आए यशस्वी जायसवाल ने निराश किया। वह सिर्फ 4 रन बनाकर ही आउट हो गए। उनकी पारी का अंत ब्रायडन कार्स ने किया। वहीं साई सुदर्शन ने 30 रन की पारी खेली। हालांकि, इस बीच केएल राहुल ने टिककर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 47 रन की पारी खेली। उनके साथ इस समय क्रीज पर गिल 6 रन बनाकर नाबाद हैं।

अपनी दूसरी पारी के दौरान राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ अपने 1,000 टेस्ट रन पूरे किए। क्रिकइंफो के मुताबिक, राहुल अब इंग्लिश टीम के खिलाफ ये आंकड़ा छूने वाले 17वें भारतीय बल्लेबाज बने। इसके साथ-साथ इंग्लैंड पहला ऐसा देश है, जिसके खिलाफ राहुल ने टेस्ट में 1,000 रन पूरे किए हैं। इस टीम के खिलाफ उनका औसत लगभग 40 रहा है। इंग्लैंड के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने 894 रन बनाए हुए हैं।

## ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद तेल कीमतों ने 5 महीने का उच्चतम स्तर छूआ

**नईदिल्ली,ए.।** अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमले के बाद तेल की कीमतों में बड़ी बढ़त देखने को मिल रही है। आज (23 जून) ब्रेंट क्रूड वायदा 2.44 प्रतिशत बढ़कर 78.89 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 2.53 प्रतिशत बढ़कर 75.71 डॉलर पर पहुंच गया। सत्र की शुरुआत में दोनों 3 प्रतिशत से ज्यादा चढ़े थे, और ब्रेंट 81.40 डॉलर तथा डब्ल्यूटीआई 78.40 डॉलर के साथ 5 महीने की ऊंचाई पर पहुंच गए थे। तेल की कीमतों में यह तेजी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस घोषणा के बाद देखी गई, जिसमें उन्होंने कहा कि अमेरिका ने इजरायली बलों के साथ मिलकर ईरान के परमाणु ठिकानों को नष्ट कर दिया है। ट्रंप के इस बड़े बयान से मध्य पूर्व में अस्थिरता की आशंका बढ़ गई है। ईरान ने जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है, जिससे निवेशकों में बेचैनी बढ़ी है और बाजार में हलचल तेज हो गई है। ईरान ओपेक का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है और होर्मुज जलडमरूमध्य से भारी मात्रा में तेल गुजरता है। अब आशंका जताई जा रही है कि ईरान इस जलमार्ग को बंद कर सकता है, जिससे तेल आपूर्ति बाधित हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की संसद ने इस कदम को मंजूरी दे दी है। हालांकि, पहले दी गई ऐसी धमकियां कभी पूरी नहीं हुई हैं, लेकिन इस बार बाजार ज्यादा चिंतित नजर आ रहा है।

## जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में लिए 5 विकेट, बनाए ये रिकॉर्ड्स

**लीड्स,ए.।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ लीड्स में खेले जा रहे पहले टेस्ट में 5 विकेट चटकाए। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां 5 विकेट हॉल है। इसके साथ-साथ उन्होंने सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में अपने 150 विकेट पूरे किए। उनकी उम्दा गेंदबाजी के बावजूद इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी में सभी विकेट खोकर 465 रन बनाए। आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

बुमराह ने जैक क्रॉली (4) को आउट करते हुए अपने विकेटों का खाता खोला था। इसके बाद उन्होंने बेन डकेट (62) को अपना शिकार बनाया। भारतीय दिग्गज तेज गेंदबाज ने जो रूट (28), क्रिस वोक्स (38) और जोश टंग (11) को पवेलियन की राह दिखाई। उन्होंने 24.4 ओवर में 83 रन देते हुए ये 5 सफलताएं हासिल की। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट अपने नाम किए। बुमराह के अब सेना देशों में 150 विकेट चटकाने वाले पहले एशियाई गेंदबाज भी बन गए हैं। उन्होंने 60 पारियों में यह कारनामा किया है। उन्होंने इस मामले में पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज वसीम अकरम को पीछे छोड़ा है, जिन्होंने 55 पारियों में 146 विकेट चटकाए थे। इस सूची में पूर्व भारतीय स्पीनर अनिल कुंबले (67 पारियों में 141 विकेट) तीसरे और इशांत शर्मा (71 पारियों में 130 विकेट) चौथे स्थान पर काबिज हैं।

# 24 जून से 9 जुलाई तक आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा में शिक्षा विभाग की अहम भूमिका-मंगल



**धौलपुर ब्यूरो।** राज्य सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजना पंडित दीनदयाल अन्त्योदय के अन्तर्गत शिक्षा विभाग को दिए गए दायित्वों का जिले में शतप्रतिशत क्रियान्वयन के लिए मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक, प्रारंभिक, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा एवं समस्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों की बैठक आयोजित की। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 24 जून से 9 जुलाई तक चलने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अन्तर्गत शिक्षा विभाग को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। जिसका क्रियान्वयन बहुत ही ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ पूर्ण करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विभाग की सभी शिक्षण संस्थाएं शिविर के दौरान शतप्रतिशत प्रवेशोत्सव, विद्यालय एवं कार्यालयों में पड़ी अनुपयोगी सामग्री का निस्तारण, विद्यालय एवं कार्यालय में साफ-सफाई विशेष कर शौचालय की साफ-सफाई एवं उनकी मरम्मत कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पंडित दीनदयाल योजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ शिक्षा विभाग के विभागीय दायित्वों का भी पूर्ण निष्ठा के साथ लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की रैंकिग सुधार, संबलन अभियान, शाला स्वास्थ्य कार्यक्रम, कर्मयोगी पोर्टल पर पंजीकरण, कोर्ट प्रकरण, विभागीय पदौन्नति, हरियालो राजस्थान, विभागीय जांच, आरटीई विभागीय जांच, सम्पर्क पोर्टल के परिवादों का समय पर निस्तारण, यूनिफॉर्म डीबीटी आदि को समय पर पूर्ण करने निर्देश दिए। बैठक में एडीपीसी जितेन्द्र सिंह जादौन ने जिले में जल, बिजली, साफ-सफाई एवं फर्नीचर की व्यवस्था पर सभी सीबीईओ को विशेष कार्य करने के निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक, प्रारंभिक ने प्रवेशोत्सव एवं जिले में अनुपयोगी सामग्री के शत प्रतिशत निस्तारण एवं सम्पर्क पोर्टल पर शेष परिवादों का समय से निस्तारण करने एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय के अन्तर्गत विभाग को दिए गए दायित्वों का समय पर पूर्ण करने के साथ समय पर रिपोर्ट देने के लिए कहा। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पप्पू सिंह ने प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार व्यापक स्तर पर करने की बात कही। साथ ही प्रवेशोत्सव के लिए विभाग की गाइडलाइन एवं जन अभियान बनाने के लिए आह्वान किया। प्रशासनिक अधिकारी ने 24 जून को होने वाली निदेशक माध्यमिक शिक्षा की अध्यक्षता में आयोजित वीसी की जानकारी देते हुए सूचना समय पर पूर्ण करने के लिए कहा। बैठक में सीबीईओ दामोदर लाल मीना, राम प्रसाद राघव, कल्याण मीना उपस्थित रहे।

# रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला 26 जून को

## बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए रोजगार के अवसर

**शिवपुरी ब्यूरो।** मध्यप्रदेश शासन के युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र व शासकीय आई.टी.आई संस्थान के तत्वाधान में 26 जून को प्रातः11 बजे से दोपहर 3 बजे तक शासकीय आई.टी.आई. शिवपुरी में एक दिवसीय रोजगार मेला स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। मेला में बेरोजगार युवक-युवतियों की भर्ती एवं अप्रेंटिसशिप के लिए विभिन्न निजी क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया जा रहा है एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। आवेदक अपने साथ, रोजगार पंजीयन, समग्र आईडी, अंकसूची की छायाप्रतियां, पासपोर्ट साइज फोटो आदि लेकर मेले में उपस्थित हो। इस हेतु कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा। रोजगार मेले में यस कंसट्रक्शन कम्पनी गाजियाबाद में सुपरवाइजर, इलेक्ट्रिशयन एवं हेल्पर के 80 पदों पर आईटीआई, डिप्लोमा वाले आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 12 हजार 600 से 17 हजार 300 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। चैकमेट सर्विस प्राईवेट लिमिटेड गुजरात में सिक्युरिटी गार्ड के 40 पदों पर 10वीं, एक्स-सर्विसमैन वाले आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 21 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। ए टू जेड ऑटो पार्टस प्राई. ग्वालियर में टेलीकॉलिंग, एचआर, सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं स्टोर इनचार्ज के 20 पदों पर 10वीं एवं ग्रेज्यूएट वाले आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 10 हजार से 18 हजार 500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। ईगल सिक्यूरिटी सर्विस एण्ड गुरू कृपा कंसल्टेंसी शिवपुरी में सिक्यूरिटी गार्ड, सुपरवाइजर, टेलीकॉलिंग, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं हेल्पर के 50 पदों पर लिटरेट, इलिटरेट, 10वीं एवं ग्रेज्यूएट वाले आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 12 हजार से 500 से 21 हजार 500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। फोन पे प्राई. लिमि. शिवपुरी में सेल्स एक्जीक्यूटिव के 20 पदों पर 10वीं एवं ग्रेज्यूएट वाले आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 8 हजार से 500 एवं 15 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। इसी प्रकार इनफिनीटी फेबटेक प्राई. लिमि. साबेर इंडर्सट्रियल एरिया इंदौर में मशीन ऑपरेटर, प्रोडक्शन, इंजीनियरिंग, हेल्पर, फिटर एवं वेल्डर के 46 पदों पर बीई, 12वीं, डिप्लोमा एवं आईटीआई वाले आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 12 हजार से 25 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। अम्मधाने (एमआरएफ टायर्स) डहेज में मशीन ऑपरेटर के 20 पदों पर बीई, बीटेक, डिप्लोमा एवं ग्रेज्यूएट वाले आवेदक अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इस पद पर 19 हजार 500 से 20 हजार 500 रुपये प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

# तेज बारिश ने मचाई तबाही, 3 गांव जलमग्न, 10 लोग स्कूल में फंसे, रेस्क्यू कर निकाला गया

## कलेक्टर-एसपी मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों को नुकसान का आकलन कराने एवं उचित मुआवजे का दिया आश्वासन

**शिवपुरी ब्यूरो।** कोलारस, पोहरी, बदरवास और शिवपुरी शहर सहित कई इलाकों में तेज बारिश ने भारी तबाही मचाई। रविवार से हो रही बारिश के चलते कोलारस अनुविभाग के लुकवासा, रिजौदा और देहरदा गणेश गांव पूरी तरह जलमग्न हो गए। सबसे गंभीर स्थिति देहरदा गणेश गांव के ज्ञानस्थली स्कूल में बनी, जहां बाढ़ जैसे हालात में स्कूल संचालक और शिक्षकों समेत 10 लोग फंस गए। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और एसडीईआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। जानकारी मिलते ही कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी एवं एसपी अमन सिंह राठौड़ भी मौके पर पहुंचे। जैसे ही वे गांव में पहुंचे, महिलाओं ने उनकी गाड़ी को घेर लिया और बारिश से हुए नुकसान को दिखाने की जिद करने लगीं। ग्रामीणों ने बताया कि तेज बारिश से घरों में पानी भर गया है, अनाज और घरेलू सामान पूरी तरह खराब हो गया है, रास्तों पर कीचड़ जमा है और आवाजाही मुश्किल हो गई है। इस पर कलेक्टर ने गांव का निरीक्षण कर नुकसान का आकलन कराने और उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। रिजौदा गांव में बारिश का कहर सबसे ज्यादा देखने को मिला। यहां दर्जनों ग्रामीणों के घरों में पानी घुस गया। तेज बहाव में क्विंटलों गेहूं, मक्का, धनिया, सोयाबीन और डीएपी खाद बह गए या खराब हो गए। ग्रामीणों के मुताबिक, वर्षों बाद ऐसी तबाही देखने को मिली है। रविवार शाम से शुरू होकर सोमवार दोपहर तक जारी बारिश ने कोलारस और बदरवास क्षेत्र के कई गांवों में हालात बिगाड़ दिए। बदरवास के स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव से मरीजों को परेशानी हुई। भड़ौता गांव के रेशम माता मंदिर में पानी भर गया। गोरा टीला में नल योजना का टैंकर बह गया। छापी गांव में सड़क बह गई और सेन समाज के एक ग्रामीण का कच्चा मकान ढह गया। रन्नौद के अकाझिरी गांव के स्वास्थ्य केंद्र में पानी भर गया। सोनपुरा गांव की पुलिया बहने से मुख्य मार्ग पूरी तरह कट गया। पूरणखेड़ी टोल प्लाजा पर पानी भरने से घंटों तक जाम लगा रहा।

**शहर की थीम रोड सहित कॉलोनियों में भरा पानी, मकान पर गिरी बिजली**

शहर के हालात भी अलग नहीं रहे। लगातार बारिश से मेडिकल कॉलेज के पास थीम रोड तालाब बन गई। मनियर, लाल माटी, गणेश कॉलोनी और नीलगर चौराहा जैसे इलाकों में जलभराव हो गया। वहीं, फतेहपुर क्षेत्र में महाकाल होटल के पास एक मकान पर आकाशीय बिजली गिरी। घटना के समय बंटी रावत और लल्लू रावत का परिवार घर में मौजूद था। बिजली गिरने से मकान की खिड़कियों में दरारें आ गईं और छत को मामूली नुकसान पहुंचा। पोहरी अनुविभाग के इंदुरखी गांव का संपर्क रैपी और कूनो नदी के उफान के कारण एक बार फिर जिले से कट गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल तीन महीने तक गांव का संपर्क टूट जाता है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : कलेक्टर चौधरी

## खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**शिवपुरी ब्यूरो।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आज सोमवार को कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में डिप्टी कलेक्टर, खाद्य अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि खाद्य पदार्थ जनसामान्य से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े होते हैं, अतः इस विषय में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से बाजारों, हाट-बाजार, मेलों, छात्रावासों, मेडिकल कॉलेजों आदि स्थानों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का निरीक्षण किया जाए तथा जनरल हाइजीन के बारे में भी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नवाचार के रूप में बड़े होटल एवं खाद्य प्रतिष्ठानों पर खाद्य परीक्षण हेतु किट रखी जाए, जिससे कोई भी ग्राहक खाद्य गुणवत्ता पर संदेह होने पर स्वयं परीक्षण कर सके। साथ ही अब तक की गई कार्यवाहियों की भी समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि अप्रैल, मई एवं जून माह में जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से कुल 136 खाद्य नमूने संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजे गए। इनमें से 20 प्रकरण एडीएम न्यायालय तथा 3 प्रकरण सीजीएम न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। एडीएम न्यायालय द्वारा 20 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 6,20,000 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया, जिसमें से 4,90,000 की राशि वसूल की जा चुकी है।

# मेडीकल रिपोर्ट पर से पति के खिलाफमामला दर्ज

**मुरैना।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने मेडीकल रिपोर्ट पर से फरियादी महिला के पति एवं एक अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के मुरैनागॉव के सुदामा नगर में निवास करने वाली महिला श्रीमती ज्योति पत्नी नीरज जाटव उम्र 30 साल को उसके पति नीरज एवं सभाराम जाटव ने विगत दिनों मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। थाना पुलिस ने मेडीकल रिपोर्ट के आधार पर एवं फरियादिया की फरियाद पर आरोपियो के खिलाफ बीएनएस की धारा 117(2)115(2),351,3(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा आज से होगा शुरू

## जिला कलक्टर ने सभी विभागों को दिए अहम निर्देश

**धौलपुर ब्यूरो।** राज्य सरकार सभी वर्गों युवा, महिला, किसान और गरीब के उत्थान के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही है। अन्त्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति के क्रम में वंचितों को वरीयता देते हुए राज्य सरकार 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा संचालित किया जाएगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी बताया कि पखवाड़े के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' बनाना है। इसी दिशा में सरकार ने 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना' शुरू की है, जिसके माध्यम से पहले चरण में जिले के गांवों के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाएंगे।

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत लंबित प्रकरणों का होगा निस्तारण**

उन्होंने कहा कि पखवाड़े के अन्तर्गत पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में लक्षित परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही, लम्बित पत्थरगढ़ी और सीमाज्ञान प्रकरणों का निस्तारण, स्वामित्व पट्टो का वितरण, मृदा नमूनों का संग्रहण एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा (एनएफएसए) के अन्तर्गत लम्बित प्रकरणों का निस्तारण एवं नवीन पात्र परिवारों एवं सदस्यों की आधार सीडिंग के कार्य भी किए जाएगें।

**जल संरचनाओं से हटाए जाएं अतिक्रमण**

उन्होंने कहा कि पखवाड़े के दौरान रास्तों व जल संरचनाओं से अतिक्रमण हटाने और लम्बित राजस्व प्रकरणों में सहमति बनाने का प्रयास किया जाए। उन्होंने वन विभाग को नर्सरियों से पौधों का वितरण, कृषि विभाग को बारिश से पहले बीज वितरण और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को समर कंटीजेंन्सी कार्यों के फिजिकल वैरिफिकेशन के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। इसके साथ ही, उन्होंने खोदी हुई सड़क, लाइन व लिंकेज के निरीक्षण और मरम्मत कार्य करने एवं ?पानी की टंकी की सफ़ाई के लिए भी निर्देशित किया।

**मानसून के लिए रहे तैयार, उठाएं आवश्यक कदम**

उन्होंने मानसून की तैयारियों के दृष्टिगत संबंधित विभागों को एक्शन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई और उसका सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। जिन क्षेत्रों में जल भराव होता है उनका समय पर चिन्हिकरण कर आवश्यक कार्य पूरे किए जाएं। मौसमी बीमारियों के मद्देनजर स्वास्थ्य केन्द्रों पर दवाइयां उपलब्ध हों तथा वर्षाजनित आपदा से निपटने के लिए सभी जिला अधिकारी मुस्तैदी से होकर कार्य करें। जिला कलक्टर ने अवगत कराया गया कि पखवाड़े में लम्बित नल कनेक्शन जारी करना, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण के लिए कैम्प का आयोजन एवं विद्यालयों में प्रवेशोत्सव मनाने के साथ ही साफ-सफाई सहित आदि कार्य भी संचालित किए जाएंगे। इस दौरान शिक्षा विभाग द्वारा पात्र विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण और वन-विभाग द्वारा हरियालों राजस्थान के अन्तर्गत पौधा वितरण के कार्य किए जाएंगे।

**ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होंगे शिविर**

उन्होंने कहा कि पखवाड़े के अन्तर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**यहां होगा शिविरों का आयोजन**

जिला कलक्टर ने बताया कि 24 जून को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत बरैठा के अटल सेवा केन्द्र में, बोथपुरा के अटल सेवा केन्द्र में, हिनौता के पंचायत भवन में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत उमरेह के अटल सेवा केर्न्द्र में, चिलाचौंद के अटल सेवा केन्द्र में, सनौरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत बौरेली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत सिकरौंदा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत कोलूआ के अटल सेवा केन्द्र में, मालौनीखुर्द के अटल सेवा केन्द्र में, करीमपुर के अटल सेवा केन्द्र में तथा उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत बीलौनी के अटल सेवा केन्द्र में, 25 जून को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत विन्तीपुरा के अटल सेवा केन्द्र में, शाहपुरा के अटल सेवा केन्द्र में टांडा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत सिंगरोई के अटल सेवा केन्द्र में, अलीगढ़ के अटल सेवा केन्द्र में, निधारा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत कुनकटा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत सिंघावलीकलां के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत टहरी के अटल सेवा केन्द्र में, मानपुर के अटल सेवा केन्द्र में उमरारा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत खरौली के अटल सेवा केन्द्र में, मढ़ासिल के अटल सेवा केन्द्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

**सफल संचालन के लिये बनाये शिविर प्रभारी**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा के सफल संचालन के लिये जिला स्तर पर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, तकनीकी नोडल अधिकारी एवं उपखण्डवार प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारी लगाये गये हैं। जिला कलक्टर ने बताया कि संबल पखवाड़ा के संचालन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग बलभद्र सिंह को तकनीकी नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उपखण्ड धौलपुर के लिए उपखण्ड अधिकारी धौलपुर को शिविर प्रभारी अधिकारी व तहसीलदार धौलपुर एवं मनियां को सहायक शिविर प्रभारी, उपखण्ड बाड़ी के लिए उपखण्ड अधिकारी बाड़ी को शिविर प्रभारी अधिकारी व तहसीलदार बाड़ी को सहायक शिविर प्रभारी, उपखण्ड बसेड़ी के लिए उपखण्ड अधिकारी बसेड़ी को शिविर प्रभारी अधिकारी व तहसीलदार बसेड़ी को सहायक शिविर प्रभारी, उपखण्ड राजाखेड़ा के लिए उपखण्ड अधिकारी राजाखेड़ा को शिविर प्रभारी अधिकारी व तहसीलदार राजाखेड़ा को सहायक शिविर प्रभारी, उपखण्ड सैपऊ के लिए उपखण्ड अधिकारी सैपऊ को शिविर प्रभारी अधिकारी व तहसीलदार सैपऊ एवं बसई नवाब को सहायक शिविर प्रभारी तथा उपखण्ड सरमथुरा के लिए उपखण्ड अधिकारी सरमथुरा को शिविर प्रभारी अधिकारी व तहसीलदार सरमथुरा को सहायक शिविर प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बाल-बाल बचा युवक, ड्रायवर फरार

**शिवपुरी ब्यूरो।** ग्वालियर बायपास पर सोमवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। बालाजी बस सर्विस की एक तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसा गंभीर नहीं हुआ और युवक बस के टायरों के नीचे आने से बाल-बाल बच गया। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

जानकारी के अनुसार ठकुरपुरा निवासी कमल जाटव अपनी बाइक से कहीं जा रहा था। जैसे ही वह ग्वालियर बायपास पर पहुंचा, बालाजी बस के चालक ने लापरवाहीपूर्वक बस चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कमल बाइक से गिर पड़ा और उसकी बाइक बस के नीचे फंस गई। हालांकि, कमल ने तुरंत खुद को संभाल लिया और गंभीर चोटों से बच गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसा होते ही बस चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को जब्त कर लिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चालक की पहचान कर रही है।

# जिले में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण संपन्न



**मुरैना,कांस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिलों में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण करवाने के निर्देश दिये गये है। जिसके अंतर्गत जिले में सोमवार को जिला पंचायत सभागार में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की उपस्थिति में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी को अवगत कराया कि मतदाता सूची त्रुटि रहित रहे एवं उनके द्वारा सभी अधिकारियों को फॉर्म भरने का डेमोंस्ट्रेशन करके दिखाया गया। उन्होंने मतदान से जुड़े अधिकारियों के प्रश्नों के उत्तर भी दिये एवं सभी बीएलओ को प्रश्नावली के माध्यम से फॉर्म भरने एवं नागरिकों से बातचीत करने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, संयुक्त कलेक्टर, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, मतदान से जुड़े सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर द्वारा भी सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया कि किसी भी व्यक्ति का जो 18 वर्ष या उससे अधिक का हो, उसका मतदाता सूची में नाम जोड़ते समय किन-किन नियमों का पालन करना चाहिये। उन्होनें कहा कि देश में 18 वर्ष या उससे अधिक के सभी नागरिकों का मतदाता सूची में नाम जुड़ना कानूनी अधिकार है, बशर्ते किसी नियम के द्वारा उनके नाम जुड़ने पर रोक लगी हो। इसके बाद कलेक्टर ने सभी अधिकारियों से प्रश्न-उत्तर के माध्यम से निर्वाचन सूची के नियमों के संबंध में बातचीत की।

**03 जुलाई से 13 जुलाई तक सभी बीएलओ का विधानसभा स्तर पर कराया जायेगा प्रशिक्षण**

कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना द्वारा 03 जुलाई से 13 जुलाई तक सभी बीएलओ को 50-50 के बैच में विधानसभा स्तर पर प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिये गये है।

# पेंशनर्स फेडरेशन ने उठाई पुरानी पेंशन बहाली की मांग, पीएम को भेजा ज्ञापन

**मुरैना,कांस।** अखिल भारतीय राज्य पेंशनर्स फेडरेशन ने केंद्र सरकार से पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने की पुरजोर मांग की है। फेडरेशन ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा है, जिसमें पेंशनर्स के समक्ष आ रही समस्याओं और उनकी मांगों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। फेडरेशन का कहना है कि 01.01.2006 के बाद नियुक्त सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना के दायरे से बाहर कर दिया गया है, जिससे सेवानिवृत्ति के बाद उनके जीवनयापन में गंभीर समस्याएं आ रही हैं। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि कुछ राज्य सरकारों ने पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू कर दिया है, लेकिन केंद्र सरकार अभी भी इस पर विचार नहीं कर रही है।

**फेडरेशन ने अपने ज्ञापन में मुख्य रूप से निम्नलिखित मांगें रखी हैं**

पुरानी पेंशन योजना की बहालीः 01.01.2006 के बाद नियुक्त कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए, ताकि उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक सुरक्षा मिल सके। केंद्र सरकार के पेंशनर्स की समस्याओं का समाधानः सातवें वेतन आयोग की विसंगतियों और पेंशनर्स को मिल रहे कम वेतन को लेकर भी फेडरेशन ने चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि सरकारी विभागों से सेवानिवृत्त होने के बाद भी कई पेंशनर्स को सम्मानजनक जीवन जीने के लिए पर्याप्त साधन नहीं मिल पा रहे हैं। न्यायपालिका के हस्तक्षेप की मांगः फेडरेशन ने सर्वोच्च न्यायालय से इस मामले में हस्तक्षेप कर पुरानी पेंशन बहाली के लिए दिशानिर्देश जारी करने की अपील की है। उनका तर्क है कि पेंशनर्स को उनके बुढ़ापे में बेसहारा नहीं छोड़ा जाना चाहिए। मंहगाई भत्ते का भुगतानः वर्तमान में लंबित मंहगाई भत्ते (ष्ठ) का भुगतान अविलंब करने की मांग भी की गई है। फेडरेशन के अध्यक्ष, मुख्य पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन, पुणे ने कहा कि पेंशन एक सामाजिक सुरक्षा का विषय है और सरकार को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर पेंशनर्स देशव्यापी आंदोलन के लिए भी तैयार हैं। ज्ञापन में सुप्रीम कोर्ट के 2016 के एक फैसले का भी उल्लेख किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि कर्मचारी को पूर्ण पेंशन प्राप्त करने का अधिकार है और इसे किसी भी कारण से रोका नहीं जा सकता है। ज्ञापन देने वालों के प्रमुख रूप से आर एन पिप्पल,वीरेंद्र सिंह सिकरवार, रामबाबू श्रीवास,अब्दुल रहमान,फोदेलिया,मोतीराम, राधाचरण,कल्याण सिंह,भोगीराम सहित अनेक लोग शामिल थे।



# ग्राम पंचायत कन्हार के ग्राम जोगीपुरा कालाखेत में ग्राम उत्कर्ष शिविर का आयोजन संपन्न



**मुरैना,कांस।** प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत शिविरों का आयोजन कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के निर्देशानुसार जिले के 12 ग्राम पंचायतों के 18 चयनित विशेष पिछड़ी जनजाति बाहुल्य ग्रामों, बसाहटों में किया जा रहा है। जिसमें 17 मंत्रालयों की 25 योजनाओं की लक्ष्य पूर्ति के लिए यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। विदित है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ 02 अक्टूबर 2024 को किया गया है। इस अभियान की संकल्पना जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अभिसरण मॉडल पर 17 भागीदार मंत्रालयों के 25 योजनाओं मिलाकर लागू किया किया गया है। जिसमें आवास, पक्की सड़कें, समग्र शिक्षा, जल जीवन मिशन, मोबाईल मेडिकल यूनिट, पीएम जन आरोग्य योजना, आंगनबाड़ी केन्द्र अविद्युत्तिकृत घरों में विद्युतिकरण, एलपीजी कनेक्शन, पोषण वाटिका, कौशल विकास, डिजिटल एक्टिविटी, मछली पालन, पशुपालन, साथ साथ आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र एवं निवास प्रमाण-पत्र, के.सी.सी. एवं अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं को शामिल किया गया है। इन सभी योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़ा गया। जिसके अंतर्गत सोमवार को विकासखण्ड पहाड़गढ़ के ग्राम पंचायत कन्हार ग्राम जोगीपुरा-कालाखेत में शिविर आयोजित किया गया।शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आयोजित शिविरों के उद्देश्य के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि आदिवासी जनों में जागरुकता और क्षेत्र में उनके हित के लिए संचालित योजनाओं में हर आदिवासी नागरिक को लाभ मिले। कोई भी नागरिक इससे वंचित न रहे। जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न कार्यो के लिए आये हितग्राहियों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# हारजीत का दांव लगाते जुआरी धरे

**मुरैना।** बानमोन थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के गंगाराम का पुरा में दविश देकर जुआ खेल रहे आरोपी विजय जोशी, सोनू जाटव, अनिल जाटव, प्रशांत जाटव, मुन्ना गुर्जर, एवं भूरा जाटव को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 हजार रूपये नगद एवं एक ताश की गड्डी जप्त कर आरोपियो के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# एडीआर भवन मुरैना में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्रीमती संगीता मदान की अध्यक्षता में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना द्वारा सोमवार को एडीआर भवन मुरैना में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश श्रीमती संगीता मदान द्वारा मां सरस्वती को माल्यार्पण कर किया गया। जिला चिकित्सालय मुरैना के चिकित्सकीय दल द्वारा जिला मुख्यालय मुरैना के न्यायाधीशगण, कर्मचारीगण एवं अधिवक्ताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में नेत्र विशेषज्ञ, फिजिशियन, आयुर्वेदिक चिकित्सकों आदि टीम द्वारा उपस्थितजनों का परीक्षण किया गया। जिनमें आंखो की जांच, मधुमेह रक्त परीक्षण, रक्तचाप आदि की निःशुल्क जांच की गई। शिविर में प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मुरैना श्री हितेन्द्र द्विवेदी, मुख्यालय के न्यायाधीशगण, अध्यक्ष अभिभाषक संघ मुरैना श्री पवन गुप्ता, अधिवक्तागण, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय, फिजिशियन डॉ. योगेश तिवारी, नेत्र चिकित्सक डॉ. भूपेन्द्र शर्मा, डॉ. अशोक शर्मा, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. धीरज प्रजापति, डॉ. दीपिका सिंह, आरएमओ डॉ. शिवानी आदि चिकित्सीय दल व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना, जिला विधिक सहायता अधिकारी सहित कर्मचारी उपस्थित थे।






# कैलारस में विधायक ने किया सैकड़ो लोगों के साथ जल सत्याग्रह



**मुरैना,कांस।** जौरा विधानसभा के विधायक पंकज उपाध्याय ने कैलारस नगर में जल भराव को लेकर जल सत्याग्रह किया कैलारस नगर की एम एस रोड ,पुरानी सब्जी मंडी ,नहर के पास, पहाड़गढ़ रोड, गांधी मार्ग ,रेल पटरी के पास, रेलवे के सभी अंडर ब्रिज, ग्राम आंतरि,रिठौनिया,डोंगरपुर,कैलारस ग्रामीण खुमान का पूरा एवं समस्त कैलारस नगर पहली बारिश में 1 घंटे में ही तीन-तीन चार-चार फीट पानी भर गया क्षेत्र के आमजन रहवासी बड़े परेशान रहे विधायक उपाध्याय ने कहा कि कई वर्षो से जल भराव की समस्या जस की तस बनी हुई है मेरे द्वारा विधानसभा में भी इस बाबत प्रश्न किया गया शासन के द्वारा लगातार कहा जा रहा है कि हम जल्दी ही इसका निराकरण करेंगे पिछले वर्ष भी मेरे द्वारा तहसील प्रांगण में धरना दिया गया परंतु कोई सुनवाई नहीं की गई इसी समस्या को लेकर आज नगर के रहवासियों के साथ पानी में बैठकर जल सत्याग्रह कर धरना दिया सोमवार सुबह 10:00 बजे विधायक अपने कार्यकर्ताओं के साथ एमएस रोड श्रीजी स्कूल के सामने पहुंचे जहां पर कई दुकानदार ने बताया कि उनके दुकानों घरों में दो दो तीन तीन फीट पानी भर गया लाखों का नुकसान हुआ विधायक उपाध्याय ने तुरंत साथियों साथ भी सड़क पर गंदे पानी में बैठ गए लगभग 2 घंटे बाद एसडीएम तहसीलदार एवं अन्य आल्हा अधिकारी जल सत्याग्रह स्थान पर पहुंचे एवं विधायक को समझने का प्रयास किया विधायक पंकज उपाध्याय ने कहा कि हर बार की तरह आपके आश्वासन से नहीं माने जाएंगे तब एसडीएम ने कलेक्टर से फोन के माध्यम से चर्चा कर समस्या से अवगत कराया उन्होंने तुरंत समस्या के समाधान का आश्वासन दिया तथा स्थ्रू ने आश्वस्त किया कि पानी की जल्द से जल्द निकासी की जाएगी और आगे से ऐसी समस्या पुनः उत्पन्न नहीं होगी।स्थ्रू के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया एवं चेतावनी दी कि अगर फिर से ऐसी समस्या उत्पन्न हुई तो इससे भी बड़ा उग्र आंदोलन किया जायेगा।

# वारिस के पानी से शहर के हालत खराब, नई आवादी में स्थिति दयनीय

## नाले-नाली चौक होने से वारिस का पानी सडको पर, जगह-जगह धसकी सडक, शहरवासी मूलभूत सुविधाओ से बंचित, आवारा गौवंश बने शहर वासियो के लिए जान का खतरा

**मुरैना,कांस।** सीजन की पहली वारिस हुई जिससे शहर के नाली-नाले चौक होने से वर्षात का पानी सडको,गली मौहल्लो में भरने के कारण शहर के कई हिस्सो में सडक धसक गई जिससे लोगो को आवागमन में भारी दिक्कत का सामना करना पड रहा है। शहर के अलावा शहर से लगे नए वार्डो में रहने वाले लोगो के यहॉ बिजली, पानी, सडक जैसी बुनियादी सुविधाऐं नही होने से वहॉ के निवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे है। वर्षात शुरू होने से पहले स्थानीय निकाय द्वारा जल भराव की समस्या के निदान के लिए शहर के नाले-नालियो की सफाई की जाती है, ताकि वर्षात के पानी से शहर वासियो को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पडे। लेकिन इस वार स्थानीय निकाय द्वारा नाली-नालो की समय रहते सफाई नही कराये जाने के कारण वर्षात शुरू होते ही वर्षात का पानी शहर की गलियो, मौहल्लो एवं सडको पर भर रहा है, जल भराव के कारण शहर के कई हिस्सो में सडक धसकने के कारण लोगो को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। पार्वती नर्सिंग होम से पुलिस लाइन को जाने वाली रोड जो पोस्ट मार्डम हाउस के बगल से जाती है, यह रोड जगह-जगह धसकने के कारण लोगो के आवागमन में बाधा बनी हुई है। इसके अलावा जौरी रोड, एमएस रोड, सोलंकी पैट्रोल पम्प के पीछे के वार्डो की स्थिति काफी दयनीय है। इतना ही नही शहर में जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर से शहर का वातावरण दूषित हो रहा है। शहर में पानी भराव व गंदगी के ढेर लगे होने से शहर वासियो को संक्रमण रोग फैलने की आशंका हमेशा बनी रहती है। नगर निगम में शामिल शहर के आसपास की 12 पंचायतो की हालत इतनी खराब है कि यहॉ के लोग बिजली,पानी, सडक सहित मूलभूत सुविधाओ से बंचित है। इसी प्रकार नई आवादी में रहने वाले लोगो के लिए न आवागमन के लिए सडक है, और नही शुद्ध पेयजल व प्रकाश की व्यवस्था तक नही है। नगर निगम में शामिल होने वाली पंचायतो के निवासियो का सपना था कि पंचायते शहर के नगर निगम में शामिल होने के बाद उन्हें शहर जैसी सुविधा मुहैया हो जायेगी लेकिन कई वर्ष बाद भी यहॉ के निवासी मूलभूत सुविधाओ से बंचित है। शहर में इस समय बडी संख्या में आवारा गौवंश जगह-जगह झुण्ड बनाकर घूम रहे है, जो आए दिन लोगो पर हमला कर उनकी जान का खतरा बने हुए है। शहर के एमएस रोड, सब्जी मंडी सहित अनेक स्थानो पर आवारा गौवंश विचरते नजर आ जायेगें। इन गौवंशो ने अभी तक कई लोगो को घायल कर दिया है। शहर का कचना खम्बो के पास डालने के कारण गौवंश अपना भोजन उसमें तलासते है, उसी दौरान खम्बो में करंट आने से कई गौवंशो की असमय ही मौत हो रही है। जिसके खिलाफ गौसेवको ने कई वार निगम तथा प्रशासनिक अधिकारियो को आवेदन देकर गौवंशो की व्यवस्था कराने की मांग भी कर चुके है।

# शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी समाज में शिक्षक का अपमान - रामनरेश डंडोतिया

## मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**मुरैना,कांस।** शासकीय कर्मचारियों में केवल शिक्षक की ऑनलाइन हाजिरी लगवाना समाज में शिक्षक के पद की गरिमा को धूमिल करने जैसा है, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश के जिला एवं संभाग अध्यक्ष रामनरेश डंडोतिया एवं ऑल इंडिया एनपीएस एम्पलाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय मीडिया सचिव जनक सिंह रावत ने सयुंक्त रुप से बताया कि बताया कि हम शिक्षक ऑनलाइन हाजिरी तब तक नहीं लगाएंगे जब तक यह सभी शासकीय कर्मचारियों के लिए एक साथ लागू नहीं होती।संघ ने दावा किया कि एक तरफ सरकार शासकीय स्कूलों का रिजल्ट बेहतर आने से शिक्षकों की पीठ थपथपाती है वहीं दूसरी ओर ऐसे निर्णय लेकर समाज में शिक्षक को चोर साबित करने की कोशिश भी करती है। ई अटेंडेंस योजना को शिक्षक की गरिमा के प्रतिकूल बताया।साथ ही सरकार को आश्वस्त किया कि यदि सरकार मध्य प्रदेश के समस्त शासकीय कर्मचारियों के लिए यह योजना लाती है तो शिक्षक संवर्ग सहर्ष इसमें बढ़-चढ़कर सहभागिता करेगा। सिर्फ शिक्षक को इस हेतु निशाना बनाया जाना गुरु पद की भारतीय परंपरा के अनुकूल नहीं है । संघ सरकार से मांग करता है कि अध्यापक संवर्ग से राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षकों की प्रत्येक सेवा लाभ में प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता की गणना, अनुकंपा नियुक्ति का सरलीकरण, ग्रेजयुटी का भुगतान, पदोन्नति तथा क्रमोन्नति मामले में विभिन्न जिलों में व्याप्त अनियमितता दूर करें।

# अम्बाह पुलिस ने दो शातिर हथियार तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 पिस्टल, 3 कट्टे, 10 जिंदा राउण्ड, 1 खाली मैग्जीन एवं तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल जब्त की गई।



**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक मुरैना, श्री समीर सौरभ द्वारा अवैध हथियारों की तस्करी एवं क्रय-विक्रय के कारोबार में लिप्त अपराधियों की धरपकड़ हेतु सम्पूर्ण जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी अम्बाह श्री रवि प्रकाश भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना अम्बाह पुलिस द्वारा अवैध हथियार तस्करी करने वाले 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 05 देशी पिस्टल 32 बोर, 03 देशी कट्टे 315 बोर के देशी कट्टे, 11 खाली मैग्जीन 32 बोर की, 04 राउण्ड 315 बोर के, 06 राउण्ड 32 बोर, 01 अपाचे मोटर सायकिल लाल काले रंग की कुल मशरूका कीमती करीबन 2,88,000/- रूपये का जब्त किया गया।

निरीक्षक सतेन्द्र सिंह कुशवाह थाना प्रभारी अम्बाह को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र का आदतन अपराधी फौदा पंडित अपने एक साथी के साथ मोटर साइकिल पर बड़ी मात्रा में अवैध हथियार तस्करी हेतु लेकर चिरपुरा बायपास के रास्ते मुरैना की ओर जा रहा है, मुखबिर की उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना अम्बाह पुलिस द्वारा मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर चैकिंग लगाकर घेराबंदी कर आरोपी फोदा उर्फ उमेश शर्मा पुत्र महेश शर्मा नि. ग्राम जल का नगरा को उसके साथी दिवाकर सिंह भदौरिया के साथ पकड़ कर आरोपियों से हिकमतलअमली से पूछताछ कर आरोपियों के कब्जे से 05 देशी पिस्टल, 32 बोर, 03 देशी 315 बोर के कहे, एक पिस्टल की मैगजीन, 06 राउण्ड 32 बोर के, 04 एउण्ड 315 बोर के एवं 01 अपाचे मो.सा. जब्त गई है कुल मशरूका कीमती करीबन 2,88,000/- रूपये का जब्त किया गया एवं थाना वापसी पर आरोपीगण के विरूद्ध अपराध क्रमांक 299/25 धारा 25 (8), 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 72 वीं पुण्यतिथि मनाई

**मुरैना,कांस।** भारतीय जनता पार्टी ने नगर के बूथ क्रमांक 148 पर जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं जम्मू कश्मीर से परमिट प्रथा खत्म करने के लिए बलिदान दिया ऐसे प्रिय नेता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 72 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य रामनरेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष सोनू शर्मा, कालीचरण शर्मा, श्री देवेन्द्र शर्मा, शारांश शर्मा एवं हरिओम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

# बीएस कॉन्वेट स्कूल वाली गली में बिजली की ऑख मिचौली से फुक रहे है, उपकरण



**मुरैना,कांस।** शहर में बिजली कब चली जाए और कब आ जाए कहॉ नही जा सकता है। बिजली की ऑख मिचौली से शहर का आमजन परेशान है। लेकिन बिजली के आने-जाने व कम बाल्टेज व ज्यादा बाल्टेज के कारण विद्युत उपकरण आए दिन फुक रहे है। शहर के चम्बल कॉलौनी के पास बीएस कॉन्वेट स्कूल वाली गली में बिजली की ऑख मिचौली से गली के लोग उमस व गर्मी से पीडित है इस गली में 12 बजे से तीन बजे की बीच चार बार केवल जल जाने के कारण गली में निवासरत लोगो के विद्युत उपकरण फुकने से आर्थिक नुकसान भी हो रहा है। गली में रहने वाले लोगो ने बिजली विभाग को कई बार शिकायतें भी की गई लेकिन बिजली का स्थायी समाधान नही होने से क्षेत्रीय विधायक श्री दिनेश गुर्जर से भी शिकायत की गई। विधायक ने कहा कि अगर शीघ्र बिजली व्यवस्था सुदृढ नही हुई तो बिजली घर का घेराव किया जायेगा।

# भाजपा दक्षिण मंडल ने मनाया मुखर्जी जी का बलिदान दिवस



**मुरैना,कांस।** भाजपा दक्षिण मण्डल मुरैना के मतदान केंद्र 142 पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना के जन सम्पर्क कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया और कार्यक्रम के पश्चात वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, मुख्य वक्ता के रूप में महेश मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष केदार सिंह यादव, नागेन्द्र तिवारी, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनरेश शर्मा, वरिष्ठ नेता श्रीवल्लभ डंडोतिया, अरविन्द भदौरिया, मण्डल अध्यक्षगण सोनू शर्मा, दिलीप पिप्पल, जितेन्द्र गुर्जर, संजय शर्मा, मधु डंडोतिया, गजेन्द्र मावई, अंजली शर्मा, मीना भदौरिया, चंद्रप्रकाश शिवहरे, नत्थी गुर्जर, राजवीर गुर्जर, आदि उपस्थित रहे।

# ग्वालियर उच्च न्यायालय में बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर काग्रेस ने किया संविधान सत्यागाह



**मुरैना,कांस।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी के निर्देशानुसार संविधान सत्याग्रह चलाने का निर्णय लिया गया है। जिसके संदर्भ में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बानमोर द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया, उक्त मौके पर दलित बस्ती में जाकर सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया साथ में चौपाल चर्चा भी की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में विधायक दिनेश गुर्जर ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सब बाबा साहब अंबेडकर जी के बताए हुए रास्ते पर चलेंगे और एस.सी व एस.टी के हक अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे। और कहा कि ग्वालियर उच्च न्यायालय में बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने की लड़ाई हम सब मिलकर मरते दम तक लड़ेंगे। विधायक दिनेश गुर्जर ने मुरैना विधानसभा की समस्त जनता जनार्दन एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की है कि दिनांक 25 जून 2025 को सुबह 11 बजे ग्वालियर में होने जा रहे संविधान सत्याग्रह उपवास÷ कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उक्त कार्यक्रम में मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर, कमल सिंह राजे पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, पंजाब सिंह मावई, सुरेश राजपूत पूर्व पार्षद, संजय छावई, कार्यकारी अध्यक्ष लोकेंद्र यादव, पूरन यादव ब्लॉक अध्यक्ष बानमौर, सुधीर गोले, जसरथ अटारिया पूर्व पार्षद, सोवरन शाक्य, दर्शन जाटव, राकेश माथुर, नवाब खान , रामस्वरूप बाबूजी सहित पार्टी के कार्यकर्ता और वरिष्ठ जन उपस्थिति रहे।

# कायाकल्प अभियान में कैलारस स्वास्थ्य केंद्र को मिला पांचवीं बार पुरस्कार




**कैलारस।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैलारस को कायाकल्प में लगातार 5वार पुरस्कार आज भोपाल में उप मुख्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं। स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल एवं एम डी एन एच एम श्रीमती सलोनी सिडान डॉ विवेक मिश्रा राज्य क्वालिटी टीम भोपाल के द्वारा राज्य स्तरीय अवॉर्ड समारोह जो स्वर्ण जयंती ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया उसमें ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ एस आर मिश्रा को प्रदान किया गया जिसमें अवॉर्ड के साथ साथ स्वास्थ्य केंद्र को एक लाख नगद राशि का चेक भी प्रदान किया इसके अलावा कैलारस स्वास्थ्य केंद्र को हन्नर जिसमें चयन तीन वर्ष के लिए होता है जिसमे हर वर्ष दस हजार प्रति पलंग के हिसाब से 55 पलंग के 550000/ रूपये प्रति वर्ष तीन वर्ष तक मिलेंगे दो वार मिल चुके है आगे 2026 में फिर NQAS पास करना होगा इस अवसर परमुरैना से डॉ गजेंद्र सिंह तोमर सिविल सर्जन.डॉ एस आर मिश्रा बीएमओ कैलारस श्री एस. पी. श्रीवास्तव डी पी एम डॉ प्रमोद मिश्रा .देवगढ़ के हिमांशु बंसल मेडिकल ऑफिसर भी थे श्रीमती मनीषा CHO अमलेड़ा पोरसा आदि को भी पुरस्कृत किया गया।

# राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ ने सहकारिता मंत्री को लिखा पत्र

## कार्य योजना के साथ कारखाना बन सकता है सबसे बड़ा अत्याधुनिक मिल, मिल सकता हे 5 हजार करोड़ का लोन लग सकते हे कई उद्योग



**कैलारस।** सहकारी शक्कर कारखाना कैलारस को पुनर्जीवित करने के संबंध में राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लिमिटेड नई दिल्ली ने सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग को लिखे पत्र में कहा है कि उचित योजना के साथ शक्कर कारखाना देश का अत्याधुनिक तकनीक का सबसे बड़ा सहकारी चीनी मिल बन सकता है। इसलिए इस कारखाने की सहकारी समिति को सहकारी अधिनियम के अनुसार पुनर्जीवित करने के आवश्यक निर्देश जारी किए जारी राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ लिमिटेड नई दिल्ली के प्रबंध निदेशक प्रकाश नैकनावरे ने प्रदेश के सहकारिता मंत्री सारंग को भेजे पत्र में उल्लेख किया है कि कैलारस शुगर फैक्टरी के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक एमडी पाराशर के पत्र की ओर सरकार का ध्यान आर्कषण किया जाता है कि कलेक्टर रेट से शक्कर कारखाना की परिसंपत्तियों का मूल्य 400 करोड़ है, तो इसमें सहकारी चीनी क्षेत्र के साथ-साथ मध्य प्रदेश में अन्य कृषि और ग्रामीण आधारित उद्योगों और संस्थानों के विकास के लिए एक इंजन के रूप में काम करने की महत्वपूर्ण क्षमता है। भारत सरकार का राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम, नई दिल्ली अपनी नीति के अनुसार परियोजना लागत का 90-95त्न तक वित्त पोषणकर सकता है। इसलिए, व्यवहार परियोजना के लिए समिति को लगभग 5000 करोड़ रुपए मिल सकते हैं। शक्कर कारखाना के पुनर्जीवन के उपरांत उत्पादन, नए कारखाने व व्यवसायों की स्थापना के लिए राष्ट्रीय सहकारी शक्कर कारखाना संघ व अन्य संस्थाओं की सेवाएं ले सकते हैं। कारखाने के पुनर्जीवन के लिए बनाई गई कंपनी मध्यांचल किसान उद्योग के संस्थापकों, सहयोगियों में भी वित्त, प्रबंधन एवं तकनीक के अनुभवी हैं। फैक्टरी के अधिकारी है। इसलिए शागर कक्टर के हमारी कंपनी बिना लाभ-हानि ले सकती है। इसलिए, उचित योजना के साथ यह कारखाना देश में अत्याधुनिक तकनीक वाला सबसे बड़ा सहकारी चीनी कारखाना बन सकता है। एनएफसीएसएफ तकनीकी-वाणिज्यिक परामर्श प्रदान करेगा और मध्य प्रदेश के समग्र कल्याण और समृद्धि के लिए इस अवसर का लाभ उठाने के लिए सभी तकनीकी, वित्तीय और प्रबंधकीय सेवाएं प्रदान करेगा। एनएफसीएसएफ इस मिशन के हर कदम पर जमीनी स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पूरा समर्थन प्रदान करेगा। यहां बता दें कि यह फैडरेशन देश के 200 शक्कर कारखानों का शीर्ष संगठन है। देश की शक्कर नीति, गन्ना दर व अन्य सभी नीतियां बनाने के निर्णय फैडरेशन की भागीदारी से ही होते हैं। कृषि मंत्री एदल सिंह कंसाना ने कहा- कारखाने से 5000 करोड़ का निवेश से विकासप्रदेश के कृषि मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना ने मुख्यमंत्री समेत प्रदेश के सहकारिता मंत्री को भेजे पत्र में कहा है कि शासन ने निर्णय लिया है कि शासन कारखाने की संपत्ति को उचित प्रतिफल का भुगतान कर ले लेगा, व भुगतान की राशि से सभी देनदारियों का भुगतान हो जाएगा। इस निर्णय के पालन हेतु कारखाने की संपत्तियों का मूल्यांकन करने पर राशि 440 करोड़ रुपए है। इसके अलावा 120 बीघा भूमि, मशीनरी व गोदाम अलग है। जिसका मूल्य भी लगभग 150 करोड़ रुपए है। कारखाना के पूर्व सीजीएम एमडी पाराशर के मुताबिक, संपत्ति के मूल्य 440 करोड़ की अंशपूंजी के आधार पर 4500 करोड़ रुपए की ऋण राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम से मिल सकता है व इस राशि से 20 शक्कर, इथानॉल के कारखाने, पशुपालन के लिए एनीमल होस्टल व फसलों के मूल्य संवर्धन के लिए ग्रेडिंग, पैकिंग, प्रसंस्करण, वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज बनाकर लाभकारी विपणन व निर्यात किया जा सकता है। मटर, टमाटर, अमरूद, आम व अन्य फल सब्जियों के प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित की जा सकती हैं।

# मोदी जी के 11 साल बेमिसाल अंजना बंसल




**कैलारस।** नगर परिषद कैलारस के वार्ड क्रमांक 06, में आवास कॉलोनी में मोहल्ला चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11साल मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में मोहल्ला चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को विस्तार से बताया जिससे प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं के लाभ मिल सके। नगर परिषद अध्यक्ष अंजना बंसल ने कहा देश के प्रधानमंत्री मोदी जी के 11 साल बेमिसाल रहे जिसमें सर्वहारा वर्ग की कल्याणकारी योजनाएं बनी ओर क्रियान्वित हुई इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल, नगर परिषद उपाध्यक्ष श्री अशोक राणावत जी, वार्ड पार्षद श्री दरोगा खान जी एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गढ़ मौजूद रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को मुंगावली मंडल में किया गया याद, बलिदान दिवस मना



**मुरैना,कांस।** भारतीय जनता पार्टी मुंगावली मंडल के बूथ क्रमांक 172, जौरा खुर्द में आज भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने डॉ. मुखर्जी के योगदानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे के सिद्धांत को बुलंद किया। मनोज मिश्रा ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने सिद्धांतों और विचारों से देश की राजनीति में उच्च आदर्श स्थापित किए। उनका संपूर्ण जीवन देश की एकता और देशवासियों के कल्याण के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर मनोज मिश्रा, जितेंद्र पाठक, निंतू रजक, पवन रजक, प्रशांत रजक, छोटू प्रजापति, यादव ट्रॉली वाले, अभिषेक, अमन रजक, जितेंद्र माहौर, सुनील माहौर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस पर भाजपाइयों ने किया श्रद्धांजलि कार्यक्रम



**कैलारस।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कैलारस द्वारा डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मंडल के सभी बूथों पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इसी क्रम में बूथ क्रमांक 220 व 221 पर दीनदयाल उपाध्याय पार्क में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। वक्ताओं ने उनके राष्ट्रवाद, बलिदान और अनुच्छेद 370 व 35 के विरोध में दिए गए योगदान को याद किया। मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह भदौरिया, केशव पाराशर, रामहेत धाकड़ सहित अन्य नेताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो सपना डॉ. मुखर्जी ने देखा था, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया है। इस अवसर पर बनवारी लाल शुक्ला, कोमल शुक्ला, मगनदीप गौड़, कुंज सोनी, शैलेंद्र सिंह सिकरवार, अन्ना कमल यादव, भोगीराम यादव, पप्पू लाला अग्रवाल, प्रकाश श्रीवास, अशलम खान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार मगनदीप गौड़ ने व्यक्त किया।

# बारिश के साथ ही ग्राम लाभकरण में आया साढ़े चार फीट का मगरमच्छ

## ग्रामीण युवाओं ने रेस्क्यू कर वन विभाग को सौंपा



**कैलारस।** कल क्षेत्र में हुई तेज वारिस के कारण नदी तलब उफान पर आ गए इस पानी के साथ एक मगरमच्छ लाभकरण पंचायत भवन के पीछे निकला आज रात 3 30 बजे निकल कर ग्राम आबादी की ओर आ रहा था जब इसे देखकर कुत्ते भोंके तो इन पांच युवाओं राजेंद्र धाकड़ मातादीन धाकड़ संजय कुशवाह राधेश्याम धाकड़ , चंद्रभान धाकड़ ग्राम लाभकरण ने इसे बड़ी मशक्कत से रेस्क्यू कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया हे राजेंद्र धाकड़ ने बताया कि यह साढ़े चार फीट का था और ग्राम में घुस रहा था यदि ग्राम में घुस जाता तो किसी के साथ हादसा कर सकता था।

# स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, सेवा गुणवत्ता और जनविश्वास का समन्वय आवश्यक : उप मुख्यमंत्री

**समस्त स्वास्थ्य संस्थानों को मानक अनुरूप बनाने के लिये करें सघन प्रयास**

**जिला चिकित्सालय सिवनी और देवास कायाकल्प में प्रथम, एनक्यूएएस मापदंड में दतिया शीर्ष पर**

**कायाकल्प, एनक्यूएएस, मुस्कान एवं लक्ष्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं को किया सम्मानित**





भोपाल ब्यूरो।

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार के साथ-साथ स्वच्छता और साफ-सफाई भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं केवल दवा और इलाज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अस्पताल परिसर का वातावरण, संक्रमण नियंत्रण, स्वच्छता और मरीजों को मिलने वाली संपूर्ण देखरेख भी उतनी ही आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं ने कायाकल्प, एन.क्यू.ए.एस., मुस्कान और लक्ष्य जैसे कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह प्रमाणित किया है कि हम सही दिशा में कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने स्वर्ण जयंती सभागार नारोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के कायाकल्प, एनक्यूएएस, मुस्कान एवं लक्ष्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह उपलब्धियाँ प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ते कदम हैं। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि बड़ी संख्या में संस्थान इन मापदंडों पर खरे उतर रहे हैं, लेकिन हमारा प्रयास होना चाहिए कि शेष संस्थाओं को भी इन मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र के संपूर्ण सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में 10 हज़ार करोड़ की लागत के स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास के कार्य प्रगति पर हैं। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग में 3 हज़ार चिकित्सकों सहित कुल 35 हज़ार पदों पर नियुक्तियाँ की जा रही हैं, जिससे मैनपावर की कमी दूर होगी और सेवा प्रदाय की गुणवत्ता बेहतर होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के सभी 12,000 से अधिक स्वास्थ्य संस्थान कायाकल्प, एन.क्यू.ए.एस., लक्ष्य और मुस्कान जैसे मानकों पर खरे उतरें, इसके लिए केवल बजट और संसाधनों की नहीं, बल्कि सतत मॉनिटरिंग, संस्थागत प्रशिक्षण और कर्मचारियों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। हर संस्थान को सशक्त और उत्तरदायी बनाकर प्रदेश के हर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित कराना हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'स्वस्थ भारत' के लक्ष्य की दिशा में मध्यप्रदेश लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है। कायाकल्प अवार्ड जैसे कार्यक्रम इन प्रयासों को प्रोत्साहित करने वाले महत्वपूर्ण साधन हैं। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिबद्धता और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता का आधार वही लोग हैं जो अस्पतालों में दिन-रात जनसेवा के लिए समर्पित रहते हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में मातृ मृत्यु दर वर्ष 2020 के 175 के मुकाबले घटकर 159 पर आ गई है, जो एक सकारात्मक संकेत है। परंतु उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सुधार पर्याप्त नहीं है और अभी हमें बहुत आगे जाना है। इस दिशा में उन्होंने गर्भवती माताओं के शत-प्रतिशत पंजीयन, हाई रिस्क प्रेगनेंसी की समय पर पहचान और उनके समुचित उपचार के लिए ठोस, योजनाबद्ध और ज़मीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

# संविधान सत्याग्रह उपवास धरना आंदोलन को सफल बनाने विधायक डॉ सिकरवार ने किया जनसंपर्क



ग्वालियर,नसं. ।

संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा कोर्ट परिसर में लगाएं जाने के लिए प्रदेश स्तर पर चल रहे कांग्रेस के आंदोलन के क्रम में ग्वालियर में 25 जून को होने वाले संविधान सत्यागृह आंदोलन को सफल बनाने के लिए आज सोमवार को ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में अनेक गली ,मोहल्लों में विधायक डॉ सतीश सिकरवार ने सघन जनसंपर्क कर आमजनों से उक्त कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया है। यह आंदोलन मेला मैदान के पास सूर्य नमस्कार तिराहे पर 25 जून को प्रातः 10 बजे से होगा ।

विधायक डॉ सिकरवार ने कहा कि सभी वर्गों को सकारात्मक रूप से बाबा साहब का सम्मान करना चाहिए ।हम सब को बाबा साहब ने एक साथ मिलकर चलने की सीख दी है। उन्होंने जनसंपर्क के दौरान लोगों से सीधी बात की और लोगों ने विधायक डॉ सिकरवार की बात का समर्थन करते हुए आंदोलन में शामिल होने का आश्वाशन दिया । जनसंपर्क में ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन , डॉ.दशरथ सिंह ,बृजेश शुक्ला , जसवंत सेजवार ,अलाउद्दीन खान ,मुन्ना वाल्मीक ,राकेश सोलंकी, अजय रजक, फूलचंद लीडर, नवल वाल्मीक समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर संविधान सत्याग्रह के तहत प्रदेश भर में हो रहे आंदोलन के क्रम में 24 जून को ग्वालियर पूर्व विधानसभा में 14 स्थानों पर एक साथ शाम 5 बजे समता भोज का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी क्षेत्र के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने दी। उन्होंने बताया कि 14 स्थानों पर व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रभारीयों की नियुक्ति की गई है। इस समता भोज आयोजन में प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक 60 फुटा रोड पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पद की लालसा न रखते हुए देश की अखंडता के लिए किया कार्य : मुख्यमंत्री

**प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मुखर्जी ने पहली बार अहसास कराया कि भारत का अभिन्न अंग है जम्मू-कश्मीर**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर विकास के नए द्वार खोले**

**देश का मोर-मुकुट है जम्मू-कश्मीर**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए**



भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मुखर्जी की भाजपा कार्यालय के निकट स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के नवनिर्माण में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे अनेक महापुरुष हुए, जिन्होंने कभी पद की लालसा नहीं रखी और देश की एकता एवं अखंडता के लिए कार्य किया। राष्ट्रीय एकता को समर्पित डॉ. मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। उन्होंने देश को आंदोलित करते हुए स्वयं का बलिदान कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महान शिक्षाविद् और हमारे मार्गदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पहली बार यह अहसास कराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, देश का मोर मुकुट है। डॉ. मुखर्जी युवाकाल में कुलपति बने और उन्होंने बंगाल के कई आंदोलनों में भाग लेकर नागरिकों को बताया कि देश के विकास में हमारा योगदान किस प्रकार का होना चाहिए। डॉ. मुखर्जी जब केंद्र में आपूर्ति एवं कपड़ा मंत्री बने तो उनका हर निर्णय सराहनीय रहा। मां भारती की सेवा, लोक-कल्याण और कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए उनका मार्गदर्शन भारत के निर्माण का आधार है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को धारा 370 से मुक्ति दिलाई और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पड़ोसी देश को स्पष्ट संदेश दिया। भारत सरकार के इस फैसले के साथ देश में हर वर्ग का व्यक्ति खड़ा था। कश्मीर में 1947 में ही विकास के द्वार खुल जाने चाहिए थे। अब प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रेलवे नेटवर्क, पर्यटन और धार्मिक पर्यटन सहित अनेक क्षेत्रों में जम्मू-कश्मीर की समृद्धि के लिए कार्य किए हैं।

इस अवसर पर वरिष्ठ सांसद श्री वी.डी. शर्मा, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, समाजसेवी श्री हितानंद शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश पचौरी, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, सर्वश्री रवींद्र यति, राहुल कोठारी सहित जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

# निस्वार्थ समाज सेवा ही व्यक्ति को महान बनाती है: आचार्य



**- अमृत महोत्सव पर हुआ कटारे का सम्मान**

ग्वालियर,नसं. ।

समाज की सेवा में जब व्यक्ति कामना रहित हो कर निस्वार्थ भाव से बिना किसी भेद भाव के समाज की सेवा करता है तो निश्चित ही समाज भी ऐसे समाज सेवक को पूरा सम्मान देता है। श्री कटारे के सम्मान में आयोजित यह समारोह इसी बात का प्रमाण है। यह बात जिवाजी विश्वविद्यालय के कुलगुरु राजकुमार आचार्य ने स्थानीय मानस भवन में नगर के वरिष्ठ समाजसेवी पं. रामबाबू कटारे के जीवन के 80 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित सम्मान समारोह में कही। समारोह का आयोजन तुलसी मानस प्रतिष्ठान एवं प्रबुद्ध नागरिक मंच के तत्वावधान में किया गया। श्री कटारे को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए महामंडलेश्वर हरीदास नागा जडेरुआ सरकार एवं दंदरौआ सरकार से रामवरण दास भी आये थे।

# कांग्रेसियों ने पुण्यतिथि पर संजय गांधी को किया याद



**ग्वालियर।** कांग्रेस पार्टी के तेजस्वी नेता रहे स्व. संजय गांधी की 45वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेसियों ने जयेन्द्रगंज स्थित संजय कॉम्पलेक्स में स्थापित प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर माल्यार्पण कर विनम्र श्रृद्धांजली अर्पित की। स्व. संजय गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा एवं विधायक डा. सतीश सिकरवार ने कहा कि स्व. संजय गांधी जी ने संघर्ष करते हुए कांग्रेस संगठन को मजबूत बना कांग्रेस को केंद्र की सरकार में पहुंचाया। विधायक सिकरवार ने कहा कि संजय गांधी जी एक ऐसे नेता थे जिन्होंने बहुत कम उम्र में देश की राजनीति में अपनी पहचान बनाई। वे केवल प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के पुत्र नहीं थे, बल्कि अपने दम पर उन्होंने युवाओं को जोश, सोच और नई दिशा दी। उनका विश्वास था कि देश का भविष्य युवा पीढ़ी के हाथों में है और उन्होंने युवाओं को संगठित कर उन्हें राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा में लाने का ऐतिहासिक कार्य किया।

# हिस्ट्रीशीटर की हत्या कर फरार हुये आरोपी गैंगस्टर बंटी को पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर में पकड़ा

ग्वालियर,नसं. ।



बीती 2 जून को हिस्ट्रीशीटर भोला सिकरवार की हत्या कर फरार हुआ गैंगस्टर बंटी भदौरिया को पुलिस ने बीती रात शॉर्ट एनकाउंटर में पकड़ा है। 20 दिन से पुलिस गैंगस्टर की तलाश में लगी थी। रविवार रात उटीला के बंधोली गांव के जंगल में बदमाश का पुलिस से आमना-सामना हो गया। पुलिस को देखते ही गैंगस्टर ने फायरिंग शुरू कर दी। बदमाश की ओर से फायरिंग होते ही पुलिस टीम भी हरकत में आई और जवाबी गोलीबारी की। एक गोली गैंगस्टर बंटी के पैर में लगी और वह गिर पड़ा। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को उसके पास से एक पिस्टल भी मिली है। बदमाश को घायल हालत में उपचार के लिये पुलिस ने जेएएच हॉस्पिटल में भर्ती कराया है।

हजीरा बिरलानगर लाइन नंबर 2 में दो जून की रात करीब 10 बजे गैंगस्टर बंटी भदौरिया, शिवा राजावत, रानू और उसके साथियों ने शराब माफिया व हिस्ट्रीशीटर भोला सिकरवार पर उस समय गोलीबारी की थी जब वह अपने घर के पास खड़ा था। एक गोली हिस्ट्रीशीटर भोला सिकरवार के पेट और प्राइवेट पार्ट के बीच में लगी थी, जिससे अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई थी। भोला पर 23 आपराधिक मामलें दर्ज थे, जबकि हत्या का आरोपी गैंगस्टर बंटी भदौरिया पर 21 मामलें दर्ज हैं। इस हत्याकांड में भोला सिकरवार का साथी भी पैर में गोली लगने से घायल हुआ था। हत्याकांड के बाद हजीरा इलाके में दोनों गैंग के गुर्गो के बीच तनाव बढ़ गया था। पुलिस ने भी 9 लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया था। तीन आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। जबकि गैंगस्टर बंटी भदौरिया फरार था, जिसे रविवार रात पुलिस ने शॉर्ट एनकाउंटर में पकड़ लिया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में जल क्रांति

भोपाल

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं को मजबूती देने के साथ ही प्रकृति, पर्यावरण, जल संरक्षण की दिशा में देश भर में चलाए जा रहे अभियान को मध्यप्रदेश सरकार मिशन के रूप में चला रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में जल क्रांति हो रही है।

# रपटे या पुल-पुलिया पर बाढ़ का पानी हो तो पार न करें

राजगढ़ ब्यूरो।

प्रदेश में मानसून सक्रिय हो गया है। लगभग सभी जिलों से बारिश होने की सूचनाएं मिल रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आवागमन के दौरान सड़क पर या किसी पुल-पुलिया में बाढ़ का पानी तेजी से आ रहा हो,तो नागरिक उसमें आने-जाने से बचें। जोखिम पूर्ण यात्रा करने से बचे। सजग रहें और सावधानी बरतें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को मीडिया को जारी संदेश में कहा है कि वे प्रदेश के सभी कलेक्टर्स एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी करा रहे हैं कि किसी भी जिले में वर्षा के चलते नागरिकों को परेशानी न आने पाए। ऐसे नाले, रपटे, छोटे-बड़े पुल-पुलिया जहां बारिश का जल तेजी से बढ़ता है और दुर्घटना की आशंका रहती है, वहां पर भी सुरक्षा की अतिरिक्त सावधानियां बरती जाएं। वर्षा के चलते किसी भी प्रकार के जान-माल की नुकसानी न होने पाए, हम सबका यही प्रयास होना चाहिए। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने आवागमन के समय, जहां कहीं भी बारिश का पानी बढ़ रहा है या बाढ़ का पानी आ रहा है, अगर पानी तेजी से बढ़ता दिख रहा है, तो वहां आने-जाने से बचें, क्योंकि यह बेहद जोखिमभरा हो सकता है।

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही हमारा लक्ष्य : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

**गोविंदपुरा क्षेत्र में 70 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया भूमि-पूजन**

भोपाल ब्यूरो।



पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि भारतीय संस्कृति में मान्यता है कि विधि-विधान से पूजा करने से कार्य में कोई बाधा नहीं आती। उन्होंने कहा कि हम सिर्फ जनता के सेवक हैं। जनप्रतिनिधि एक जनसेवक होता है और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही उसका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जनता का साथ और विकास का संकल्प - यही मेरी प्रतिबद्धता है। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने सोमवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में 70 लाख रुपए लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने रजत विहार कॉलोनी में 5 लाख रुपए की लागत से पेविंग ब्लॉक निर्माण कार्य और 7 लाख रुपए की लागत से सी.सी. सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर विकास कार्यों का शुभारंभ किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने राष्ट्र के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को उनके बलिदान दिवस पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन राष्ट्रसेवा की अमर प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि रेलवे कॉलोनी क्षेत्र में लगभग 4 लाख रुपए की लागत पेवर ब्लॉक कार्य का निर्माण कराया जाएगा।

राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि गोविन्दपुरा क्षेत्र के वार्ड 54 के दुर्गा नगर मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक और मंदिर की छत डलने के निर्माण कार्य का भूमिपूजन क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में किया। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि यह कार्य श्रद्धालुओं की सुविधा एवं परिसर के सौंदर्यीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने वार्ड 54 के स्टर्लिंग केसेल्स में 3 लाख रुपए की लागत से पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य, कुंजन नगर में 22 लाख रुपये लागत के नाली निर्माण कार्य एवं पार्क निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। बागसेवनिया में 24 लाख लागत के कबीरपंथी समाज भवन उन्नयन कार्य, पार्क निर्माण एवं सड़क निर्माण के कार्यों का भूमि-पूजन किया। इस दौरान पार्षद श्री जितेन्द्र शुक्ला, श्रीमती शीला पाटीदार, श्रीमती अर्चना परमार, श्रीमती मोनिका ठाकुर, श्री प्रताप वारे, श्री रामबाबू पाटीदार, श्री धर्मेंद्र पाटीदार, श्री प्रदीप पाठक, श्री अनिल मालवीय सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954